संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI REG. No.-CHHHIN/2004/15050
Po.Reg.No.-13/Sarguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

www.ghatatighatana.com
ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 21, अंक - 333 बुधवार 08 अक्टूबर 2025, पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# हिमाचल में बस पर पहाड़ी से मलबा गिरा,15 लोगों की मौत

## 2 बच्चे बचाए,बिलासपुर में दिनभर हुई बारिश के कारण हादसा

**बिलासपुर,07 अक्टूबर 2025 (ए)।** हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले में मंगलवार को दर्दनाक हादसा हुआ है। बिलासपुर के झंडूता विधानसभा क्षेत्र में बस पर पहाड़ से मलबा गिर गया। हादसे में 15 लोगों की मौत हो गई। बस में दबे 2 बच्चों को सुरक्षित निकाल लिया गया। कई लोगों के दबे होने की आशंका है। यह हादसा भल्लू पुल के पास हुआ है। बस की छाती चीर पहाड़ से मलबा गिरकर अंदर घुस गया। बस से अभी तक कुल 15 शव निकाले गए हैं। सभी शवों को बरठी हॉस्पिटल पहुंचाया गया है। बस का नाम आयुष है और यह बरठीं भल्लू मार्ग पर झंडूता विधानसभा क्षेत्र में चलती है।

### सीएम सुक्खू ने हादसे पर जताया शोक

हादसे पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने मृतकों के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इस कठिन समय में प्रभावित परिवारों के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है और उन्हें हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री निरंतर जिला प्रशासन के संपर्क में हैं और उन्होंने राहत एवं बचाव कार्यों में और अधिक तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा है कि घायलों को तुरंत उपचार हेतु अस्पताल पहुंचाया जाए और उनके इलाज की पूरी व्यवस्था की जाए।

### बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने जताया दुख

दुर्घटना पर भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल, पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, प्रो प्रेम कुमार धूमल, शांता कुमार, सांसद सुरेश कश्यप, कंगना रनौत, राजीव भारद्वाज, हर्ष महाजन, इंदु गोस्वामी, महामंत्री सिकंदर कुमार, संजीव कटवाल, पायल, संगठन महामंत्री सिद्धार्थन, रणधीर शर्मा, त्रिलोक जमवाल, सुरेश चंदेल, राकेश जमवाल, विपिन परमार, कर्ण नंदा, स्वदेश ठाकुर ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

### पीएम मोदी ने जताया दुःख

पीएम मोदी ने कहा कि बिलासपुर में हुए हादसे में हुई जान-माल की हानि से दुखी हूं। इस कठिन समय में मेरी संवेदनाएं प्रभावित लोगों और उनके परिवारों के साथ हैं। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से प्रत्येक मृतक के परिजनों को 2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। घायलों को 50 हजार रुपये दिए जाएंगे।




# कफ-सिरप से दो राज्यों में अबतक 23 बच्चों की मौत

## 5 राज्यों में कोल्ड्रिफ सिरप बैन



**नई दिल्ली,07 अक्टूबर 2025 (ए)।** मध्य प्रदेश और राजस्थान में जहरीला कफ सिरप पीने से 23 बच्चों की मौत हो चुकी है। इनमें मध्य प्रदेश में अब तक 19 बच्चों और राजस्थान में 4 बच्चों की मौत हो चुकी है। मामला सामने आने के बाद मध्य प्रदेश,राजस्थान,केरल, तमिलनाडु और पंजाब ने इस सिरप की बिक्री और इस्तेमाल पर रोक लगा दी है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई गई है। इसमें मामले की सीबीआई जांच कराने और देशभर में दवाओं की सुरक्षा व्यवस्था की जांच की मांग की गई है। एडवोकेट विशाल तिवारी ने याचिका में मांग की है कि कोर्ट सरकार को राष्ट्रीय न्यायिक आयोग या विशेषज्ञ समिति बनाने का निर्देश दे और जांच सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ट जज की निगरानी में हो। वहीं,मामले में तमिलनाडु के ड्रग्स कंट्रोल डिपार्टमेंट ने सिरप बनाने वाली कंपनी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इस दवा को कांचीपुरम की कंपनी श्रीसन फार्मास्यूटिकल्स बनाती है। सरकार ने पांच दिन के अंदर कंपनी से जवाब मांगा है।

### गुजरात की दो कंपनियों के सिरप में भी जहर

वहीं,कफ सिरप बनाने वाली गुजरात की दो कंपनियों के सैंपल में भी जहरीले डायएथिलिन ग्लायकॉल और एथिलिन ग्लायकॉल की मात्रा ज्यादा मिली है। छिंदवाड़ा से 19 दवाओं के सैंपल लिए गए थे। गुजरात की रीलाइफ सिरप और रेस्पिफ्रेस टीआर सिरप में गड़बड़ी मिली है। मध्य प्रदेश में इन दोनों सिरपों के स्टॉक और बिक्री पर बैन लगा दिया गया है। गुजरात सरकार को जांच के लिए लेटर भी लिखा है।

# उत्तराखण्ड के चारों धामों पर हुई बर्फबारी



**उत्तरकाशी,07 अक्टूबर 2025 (ए)।** उत्तराखंड के चारो धामों के इलाकों में आज सीजन की पहली बर्फबारी हुई। चारो ओर बर्फ की सफेद चादर बिछने से कई वर्ष बाद अक्टूबर में ऐसा खूबसूरत नजारा देखने को मिला है। जिलेभर में सोमवार से हो रही रिमझीम बारिश के बाद आज गंगोत्री व यमुनोत्री सहित दयारा और हरकीदून घाटी समेत भारत-चीन सीमा की अग्रिम चौकियों पीडीए,सोनम, जादूंग, नेलांग घाटी के ऊंची चोटियों पर शुरू हुई बर्फबारी का सिलसिला अभी भी थमा नहीं है। कई वर्ष बाद अक्टूबर बर्फबारी देखने को मिली है। मौसम में अचानक आए इस बदलाव से कड़ाके की ठंड पड़ रही है। मौसम पूर्वानुमान के अनुसार जनपद के अधिकांश क्षेत्रों में हो रही सामान्य वर्षा के दृष्टिगत,जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने जनपद आपातकालीन परिचालन केंद्र,यात्रा नियंत्रण कक्ष में उपस्थित रहकर चारधाम यात्रा पर आए यात्रियों के वाहनों के सुरक्षित एवं सावधानीपूर्वक आवागमन की व्यवस्था सुनिश्चित करवाए जाने तथा सड़क संबंधी सभी विभागों को मार्गों को सुचारू एवं सुलभ बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अतिरिक्त अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की सतत निगरानी की जा रही है।तथा मौसम को देखते हुए सभी ब्यवस्थाएं चाक चौबंद की गई है! पिछले कुछ दिनों से मौसम साफ होने के कारण जनपद में स्थित यमुनोत्री व गंगोत्री धाम में श्रद्धालुओं की संख्या में इजाफा देखने को मिला, दोनों धामों श्रद्धालुओं की चहलकदमी गुलजार हुआ है। उत्तराखंड के पहाड़ी जिलों में असामान्य रूप से लंबी और कठोर सर्दियों की तैयारी चल रही है। मौसम वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि ला-नीना प्रभाव के कारण भारी बर्फबारी और लंबे समय तक ठंड रहेगी।

# केंद्रीय कैबिनेट ने 24,634 करोड़ के 4 नए रेलवे प्रोजेक्ट्स को दी मंजूरी

**नई दिल्ली, 07 अक्टूबर 2025 (ए)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय कैबिनेट बैठक में देश के रेलवे नेटवर्क को सशक्त बनाने के उद्देश्य से 24,634 करोड़ की चार नई परियोजनाओं को मंजूरी दी गई। ये प्रोजेक्ट्स मुख्य रूप से मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात और छत्तीसगढ़ जैसे औद्योगिक व रणनीतिक दृष्टि से अहम राज्यों को जोड़ेंगे। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि नई स्वीकृत परियोजनाएं भारत के सात प्रमुख रेलवे कॉरिडोर की क्षमता और कनेक्टिविटी को और मजबूत बनाएंगी। वर्तमान में यही कॉरिडोर देश के कुल रेलवे यातायात का करीब 41 प्रतिशत संभालते हैं। इन परियोजनाओं के पूर्ण होने के बाद न केवल रेल संचालन की गति



और क्षमता बढ़ेगी, बल्कि जाम और भीड़ की समस्या भी कम होगी। वैष्णव ने कहा, हमारा लक्ष्य है कि इन कॉरिडोरों में कम से कम चार लाइनें और जहां संभव हो, वहां छह लाइनें बनाई जाएं। इससे रेल संचालन अधिक विश्वसनीय होगा, समय की बचत होगी और यात्रियों को बेहतर सेवा मिलेगी। इन परियोजनाओं से महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, गुजरात और छत्तीसगढ़ के कुल 18 जिलों को सीधा लाभ मिलेगा। रेल मंत्रालय के अनुसार, इन रूट्स पर बढ़ते यात्री और माल यातायात के दबाव को देखते हुए अतिरिक्त लाइनें बेहद जरूरी थी।

### स्वीकृत चार प्रमुख प्रोजेक्ट्स में

1. गोंदिया-डोंगरगढ़ सेक्शन (महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़) में 84 किलोमीटर लंबी चौथी लाइन का निर्माण
2. वारधा-भुसावल रूट (महाराष्ट्र) पर 314 किलोमीटर लंबी तीसरी और चौथी लाइन
3. वडोदरा-रतलाम रूट (गुजरात और मध्य प्रदेश) पर 259 किलोमीटर लंबी तीसरी और चौथी लाइन
4. इटारसी-भोपाल-बीना सेक्शन (मध्य प्रदेश) पर 237 किलोमीटर लंबी चौथी लाइन का निर्माण शामिल है।

# रायबरेली में इंसान नहीं, संविधान की हत्या हिंसा को सत्ता का संरक्षण, देश संविधान से चलेगा, भीड़ की सनक से नहीं : राहुल

**रायबरेली, 07 अक्टूबर 2025 (ए)।** रायबरेली में मॉब लिंचिंग को लेकर राहुल गांधी ने कहा कि दलित युवक हरिओम वाल्मीकि की निर्मम हत्या केवल एक इंसान की नहीं, बल्कि इंसानियत, संविधान और न्याय की हत्या है। देश में नफरत, हिंसा और भीड़तंत्र को सत्ता का संरक्षण मिला हुआ है। राहुल ने मंगलवार को एक्स पर लिखा- संविधान की जगह बुलडोजर ने ले ली है, इंसाफ की जगह डर ने। मगर यह देश संविधान से चलेगा, भीड़ की सनक से नहीं। भारत का भविष्य समानता और मानवता पर टिका है। मैं परिवार के साथ खड़ा हूं। उन्हें न्याय जरूर मिलेगा। दरअसल, 2 अक्टूबर को हरिओम पासवान की हत्या हुई थी। शुरू में कहा गया था कि युवक ड्रोन चोर था। उसी दिन युवक को पीटने और उसकी लाश के वीडियो भी सामने



आए थे। इसके बाद 4 अक्टूबर को एक और वीडियो सामने आया, जिसमें मार खाते हुए युवक राहुल गांधी का नाम लेता है। इस पर भीड़ में से एक शख्स कहता है, यहां सब 'बाबा' वाले हैं। इस मामले में लापरवाही करने पर ऊंचाहार थाना अध्यक्ष संजय कुमार समेत 6 पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया गया है। वहीं 10 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। राहुल ने परिवार से फोन पर बात की थी। कहा था- परेशान मत होइए, कांग्रेस परिवार आपके साथ है।

### हरियाणा के आईपीएस अफसर सुसाइड केस में खुलासा

# गनमैन ने रिश्वत केस में नाम लिया,वसीयत-फाइनल नोट मिला

### आईएएस पत्नी सीएम संग जापान दौरे पर

**चंडीगढ़,07 अक्टूबर 2025 (ए)।** हरियाणा के सीनियर आईपीएस अफसर वाई पूरन कुमार ने मंगलवार को सुसाइड कर लिया। उन्होंने चंडीगढ़ के सेक्टर-11 स्थित अपनी कोठी में खुद को गोली मार ली। पूरन कुमार ने पीएसओ के पिस्टल से गोली मारी। 2 दिन पहले रोहतक के अर्बन एस्टेट थाने में एक एफआईआर दर्ज की गई। ये एफआईआर रोहतक रेंज के आईजी रहे वाई पूरन कुमार के गनमैन सुशील कुमार के खिलाफ थी,जिसमें सुशील कुमार पर एक शराब कारोबारी से रिश्वत मांगने का आरोप था। रोहतक के एसपी नरेंद्र बिजारणिया ने बताया कि वाई पूरन कुमार के गनमैन सुशील ने एक शराब कारोबारी से दो से ढाई लाख रुपए मंथली रिश्वत मांगी थी। इससे जुड़ी एक ऑडियो क्लिप मिलने के बाद सुशील को अरेस्ट



किया गया। पूछताछ में सुशील ने वाई पूरन कुमार का नाम लिया। रोहतक पुलिस ने मंगलवार शाम को सुशील को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। सूत्रों के अनुसार,पूरन कुमार के सुसाइड की यही वजह मानी जा रही है। पूरन कुमार को 29 सितंबर को सरकार ने रोहतक रेंज के आईजी पद से हटाते हुए पुलिस ट्रेनिंग कॉलेज, सुनारिया में आईजी लगा दिया। पुलिस महकमे में इसे एक तरह की पनिशमेंट ट्रांसफर समझा जा रहा था। देर शाम को चंडीगढ़ प्रशासन की ओर से जारी प्रेस नोट के मुताबिक, पुलिस को मौके से एक वसीयत और एक फाइनल नोट बरामद हुआ है।

# प्रधानमंत्री मोदी ने शासन प्रमुख के 25वें वर्ष में प्रवेश पर देशवासियों के प्रति कृतज्ञता प्रकट की

**नई दिल्ली,07 अक्टूबर 2025 (ए)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज देश की जनता के प्रति गहरी कृतज्ञता व्यक्त की है, क्योंकि वे शासन प्रमुख के रूप में अपनी 25 वीं वर्षगांठ में प्रवेश कर रहे हैं। उन्होंने इस अवसर पर अपने सार्वजनिक जीवन की यात्रा को याद करते हुए कहा कि 7 अक्टूबर,2001 को जब उन्होंने गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी, तब से उनका एकमात्र उद्देश्य लोगों के जीवन को बेहतर बनाना और राष्ट्र की प्रगति में योगदान देना रहा है। प्रधानमंत्री के सोशल मीडिया प्लेटफार्म और आधिकारिक विज्ञप्ति में नरेन्द्र मोदी ने कहा कि उन्हें मुख्यमंत्री बनने की जिम्मेदारी ऐसे समय में सौंपी गई थी जब गुजरात कठिन परिस्थितियों



से गुजर रहा था। उसी वर्ष राज्य को विनाशकारी भूकंप का सामना करना पड़ा था,इससे पहले एक सुपर साइक्लोन, लगातार सूखे और राजनीतिक अस्थिरता ने लोगों की उम्मीदों को कमजोर कर दिया था। उन्होंने कहा कि इन चुनौतियों ने उनके भीतर जनता की सेवा करने और गुजरात को नई ऊर्जा और आशा के साथ पुनर्निर्मित करने की दृढ़ता को और मजबूत किया। प्रधानमंत्री मोदी ने इस अवसर पर अपनी मां के शब्दों को याद करते हुए कहा,जब मैंने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी,तब मेरी माता ने कहा था...मुझे तुम्हारे काम की ज्यादा समझ नहीं है, पर दो बातें याद रखना...हमेशा गरीबों के लिए काम करना और कभी रिश्वत नहीं लेना।प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने जनता से भी वादा किया था कि उनके हर निर्णय का उद्देश्य सदैव ईमानदार नीयत और समाज के अंतिम व्यक्ति की सेवा होगा।

# भारत-अमेरिका व्यापार समझौते वार्ता नवंबर में पूरी होने की संभावना : पीयूष गोयल

**दोहा,07 अक्टूबर 2025 (ए)।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि भारत और अमेरिका प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर लगातार बातचीत कर रहे हैं। गोयल ने कहा कि नवंबर में वार्ता पूरी करने की सभी संभावनाएं मौजूद हैं। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री ने



दोहा में मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी जानते हैं कि अमेरिकी सरकार इस समय शटडाउन मोड में है। इसलिए,हमें यह देखना होगा कि चर्चा कैसे, कहां और कब हो सकती है। पीयूष गोयल ने कहा कि मुझे लगता है कि कतर में भारतीय व्यवसायों के साथ साझेदारी को आकर्षित करने के लिए बहुत उत्साह है। गोयल कतर के आधिकारिक यात्रा पर आज दोहा में हैं। वे एक व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करके दोनों देशों के बीच व्यापार एवं निवेश संबंधों को बढ़ावा देने के उपायों पर चर्चा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम व्यापार समझौते पर अमेरिका के साथ लगातार बातचीत कर रहे हैं और विभिन्न स्तरों पर वार्ता जारी है।

# युद्धक्षेत्र बदला,भविष्य में एल्गोरिदम और एआई से लड़े जाएंगे युद्ध : राजनाथ

**नई दिल्ली,07 अक्टूबर 2025 (ए)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने वैज्ञानिकों से मौजूदा समाधानों से आगे सोचने और युद्ध को नई परिभाषा देने वाली तकनीकों के विकास का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि हमें तकनीक में न तो नकलची बनना है और न ही अनुयायी, बल्कि हमें दुनिया के लिए निर्माता और मानक निर्धारक बनना है। उन्होंने मंगलवार को विज्ञान भवन में रक्षा नवाचार संवादः आइडेक्स स्टार्टअप्स के साथ संवाद के दौरान कहा कि ड्रोन,एंटी-ड्रोन सिस्टम, क्वांटम कंप्यूटिंग और निर्देशित-ऊर्जा हथियार भविष्य की रूपरेखा तैयार करेंगे। हमने ऑपरेशन सिंदूर में भी ऐसा ही एक प्रदर्शन देखा है। देश में रक्षा विनिर्माण के अवसर विषयक सम्मेलन में रक्षा मंत्री ने कहा कि युद्धक्षेत्र बदल गया है,अब भविष्य के युद्ध एल्गोरिदम और एआई से लड़े जाएंगे। उन्होंने नव प्रवर्तकों से भारत का पहला रक्षा यूनिकॉर्न बनाने का आह्वान करते हुए युवाओं से भारत के तकनीकी परिवर्तन का नेतृत्व करने का आग्रह किया। रक्षा मंत्री ने पिछले वित्तीय वर्ष




में 1.5 लाख करोड़ रुपये के रक्षा उत्पादन और 23,000 करोड़ रुपये से अधिक के निर्यात में रिकॉर्ड तोड़ उपलब्धियों में योगदान देने वाले नव प्रवर्तकों के सामूहिक प्रयास की सराहना की। उन्होंने कहा कि आप एक ऐसे नए भारत के निर्माता हैं जो अपने लिए डिजाइन, विकास और उत्पादन करने में विश्वास रखता है। साल 2018 में आइडेक्स की शुरुआत भारत के युवाओं की प्रतिभा को सशस्त्र बलों की तकनीकी आवश्यकताओं से जोड़ने के मकसद से की गई थी। आज केवल सात वर्षों में 650 से अधिक रक्षा उत्कृष्टता के लिए नवाचार किये जा चुके हैं और 3,000 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के प्रोटोटाइप की खरीद सुनिश्चित की गई है। यह भारत के रक्षा नवाचार परिदृश्य में एक क्रांति का प्रतीक है। रक्षा मंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि आइडेक्स से पहले भारतीय प्रतिभाएं विश्व स्तर पर विशेष रूप से आईटी, दूरसंचार और अंतरिक्ष के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दे रही थीं,लेकिन रक्षा क्षेत्र में उनका कम उपयोग हो रहा था। अब आइडेक्स के माध्यम से हमने सुनिश्चित किया कि भारत की प्रतिभाएं भारत की सुरक्षा के लिए काम करें। आज यह पहल केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि एक आंदोलन है,जो भारतीय रक्षा विनिर्माण के भविष्य को आकार दे रहा है। राजनाथ सिंह ने बताया कि आत्मनिर्भर भारत के तहत रक्षा विनिर्माण अब निजी निवेश, अनुसंधान एवं विकास तथा रोजगार सृजन के लिए सबसे आशाजनक क्षेत्रों में से एक बन गया है। उन्होंने कहा कि साल 2047 तक विकसित भारत बनाने के लिए आवश्यक है कि हम रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनें और एक प्रमुख वैश्विक निर्यातक के रूप में उभरें। साथ ही अत्याधुनिक तकनीकी क्षेत्रों में विश्व का नेतृत्व भी करें। रक्षा क्षेत्र में भारत की आत्मनिर्भरता स्पष्ट रूप से दिख रही है। इस दिशा में पिछले 10 वर्षों में सरकार ने आत्मनिर्भर भारत अभियान के अंतर्गत कई नीतिगत पहलें की हैं,जिनका उद्देश्य देश में रक्षा उपकरणों के स्वदेशी डिजाइन,विकास और निर्माण को प्रोत्साहित करना है। रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता केवल 'मेक इन इंडिया' या निर्यात के आंकड़ों तक सीमित नहीं है।

# ऑपरेशन सिंदूर में सशस्त्र बलों ने दिखाई संयुक्तता और रणनीतिक दूरदर्शिता की शक्तिःराष्ट्रपति मुर्मु

**नई दिल्ली,07 अक्टूबर 2025 (ए)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान संयुक्तता और रणनीतिक दूरदर्शिता का असाधारण प्रदर्शन किया, जिससे सीमापार के आतंकी ढांचे को ध्वस्त करने में सफलता मिली। उन्होंने कहा कि संतुलित और समन्वित त्रि-सेवा कार्रवाई के कारण प्रभावी तालमेल बना, जिसने इस अभियान को सफल बनाया। राष्ट्रपति मुर्मु मंगलवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक कार्यक्रम में राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय (एनडीसी) के 65वें कोर्स के संकाय और कोर्स सदस्यों को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि किसी भी राष्ट्र की सुरक्षा व्यवस्था उसके राष्ट्रीय हितों और



उद्देश्यों पर आधारित होती है, लेकिन भारत के लिए सार्वभौमिक मूल्य और मानवता की भावना इन हितों के केंद्र में हैं। भारतीय परंपरा ने हमेशा पूरी मानवता को एक परिवार के रूप में देखा है। उन्होंने कहा कि भारत की सेनाएं न केवल शांति और सार्वभौमिक भाईचारे की पक्षधर हैं, बल्कि वे मानवता और राष्ट्र के विरोधी तत्वों से निपटने के लिए सदैव तत्पर रहती हैं। उन्होंने इस संदर्भ में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को त्रि-सेवा सहयोग और रणनीतिक दृष्टि का प्रतीक बताया। राष्ट्रपति ने कहा कि संयुक्तता को बढ़ावा देने की प्रक्रिया सैन्य मामलों के विभाग की स्थापना और चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) की नियुक्ति से शुरू हुई थी। उन्होंने कहा कि अब इंटीग्रेटेड थिएटर कमांड्स और इंटीग्रेटेड बैटल ग्रुप्स की स्थापना की दिशा में कार्य जारी है।

राष्ट्रपति ने बदलते भू-राजनीतिक और सुरक्षा परिदृश्य में गतिशील प्रतिक्रिया की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि भारत अपनी सेनाओं को तकनीकी रूप से सशक्त,बहु-क्षेत्रीय एकीकृत अभियानों में सक्षम बल में बदलने की दिशा में अग्रसर है।

## संपादकीय

# शांति की आस

आखिरकार डोनाल्ड ट्रंप की शांति का नोबेल पुरस्कार पाने की तीव्र आकांक्षा के बीच की गई पहल से गाजा में दो साल से जारी इस्राइल के निरंकुश हमलों पर रोक लगने की आस जगी है। मिस्र के शर्म अल-शेख रिसॉर्ट में अमेरिका की मध्यस्थता में शुरू हुई वार्ता ने दुनियाभर में भरोसा जगाया है कि अब गाजा संकट का समाधान निकल सकता है। वास्तव में दो साल से जारी इस्राइल-हमास संघर्ष में मानवता कराह रही है। हालांकि,इस संकट की शुरुआत हमास के क्रूर आतंकी हमले से ही हुई थी। दरअसल,यह संघर्ष 7 अक्तूबर, 2023 को हमास के आतंकवादियों द्वारा इस्राइल की धरती पर गए स्तब्धकारी क्रूर हमले के बाद शुरू हुआ था। इस जघन्य नरसंहार में इस्राइल व कुछ अन्य देशों के बारह सौ के करीब नागरिक मारे गए थे। इतना ही नहीं हमास के आतंकवादी 250 इस्राइली व अन्य देशों के लोगों को बंधक बनाकर ले गए थे ताकि इस्राइल पर वार्ता में दबाव बनाया जा सके। अभी कुछ जीवित बंधक तथा कुछ मृतकों के शव हमास के कब्जे में हैं,जिन्हें वह वार्ता में ढाल की तरह इस्तेमाल करता रहा है। इस घटनाक्रम को यहूदियों के सबसे बड़े नरसंहार के बाद दूसरा बड़ा खूनी दिन बताया गया था। जिसका जवाब इस्राइल ने गाजा को मटियामेट करके दिया, जिसमें हमास के आतंकवादियों समेत 67000 से ज्यादा फलस्तीनी मारे गए। जिसमें अधिकांश आम नागरिक थे। इस्राइल के लगातार जारी घातक हमलों से गाजा आज खण्डहर में तब्दील हो गया है। बताया जाता है कि करीब 22 लाख गाजावासियों में ज्यादातर बेघर हैं और भूख से जूझ रहे हैं। हाल ही में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद द्वारा नियुक्त स्वतंत्र वरिष्ठ जांचकर्ताओं ने निष्कर्ष निकाला था कि गाजा में इस्राइली हमलों की कार्रवाई नरसंहार की श्रेणी में आती है। मिस्र के शर्म अल-शेख रिसॉर्ट में अमेरिका की मध्यस्थता में शुरू हुई वार्ता के बाद कहा जा रहा है कि इस्राइल और हमास अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा प्रस्तावित 20-सूत्रीय योजना के कुछ हिस्सों को लेकर सहमत हो गए हैं। बहरहाल,इस्राइल व हमास के समझौते की ओर बढ़ने से हमास के कब्जे में रखे गए बंधकों की रिहाई की उम्मीद भी जगी है। हालांकि,इस समझौता वार्ता का एक विवादास्पद मुद्दा हमास का निरस्त्रीकरण भी है, जिसे हमास स्वीकारने को तैयार नहीं हो रहा था। वहीं गाजा के शासन से हमास को बाहर रखे जाने के मुद्दे का भी वार्ता के परिणामों पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। इस वार्ता को लेकर भारत ने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है। भारत ने ट्रंप की योजना को फलस्तीन और इस्राइली लोगों के लिये दीर्घकालिक और स्थायी शांति, सुरक्षा और विकास का एक व्यवहार्य मार्ग बताते हुए,इस पहल की सराहना की है। निस्संदेह,भारत की यह सक्रिय प्रतिक्रिया हाल के वर्षों में गाजा संघर्ष में युद्धविराम से संबंधित संयुक्त राष्ट्र प्रस्तावों पर मतदान से उसके बार-बार परहेज करने के बिल्कुल विपरीत है। उल्लेखनीय है कि पिछले महीने ही भारत ने फलस्तीनी मुद्दे के शांतिपूर्ण समाधान और द्विराज्य विकल्प के क्रियान्वयन पर न्यूयॉर्क घोषणापत्र का समर्थन करने वाले संयुक्त राष्ट्र प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया था। इस परिप्रेक्ष्य में एक महत्वपूर्ण बदलाव तब देखा गया जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नौ सितंबर को कतर पर हुए इस्राइली हमलों की निंदा की थी। हालांकि,उन्होंने इस बाबत हमलावर, इस्राइल का नाम लेने से परहेज किया था। इसमें दो राय नहीं कि ट्रंप की योजना को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का समर्थन देना स्पष्ट रूप से भारत और अमेरिका के संबंधों को पटरी पर लाने के एक प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। वैसे देखा जाए तो दिल्ली ने इस्राइल के मामले में काफी हद तक सावधानी बरती है। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि पहलगाम हमले के बाद आतंकवाद के मुद्दे पर भारत के बचाव के अधिकार का इस्राइल ने पुरजोर समर्थन किया था। भारत को उम्मीद है कि पश्चिम एशिया में उसकी यह पहल अशांत क्षेत्र में शांति बहाल होने पर फायदेमंद साबित हो सकती है।

# बदलाव एवं विकास की राह ताकता बिहार चुनाव

**विकास पर जोर के बावजूद बिहार की राजनीति में जाति एक निर्णायक कारक है। हर पार्टी की चुनावी रणनीति समुदाय आधारित लामबंदी से गहराई से प्रभावित है। दोनों प्रमुख गठबंधन एनडीए ओर महागबंधन सीट बंटवारे की बातचीत में उलझे हैं। 243 विधानसभा सीटों में से गठबंधन में से किस पार्टी को कितनी सीटें मिलेंगी और किसे कोन-सी सीट मिलेगी,यह विवाद का विषय है। पिछले विधानसभा चुनाव में एनडीए और महागठबंधन के बीच सीधा मुकाबला हुआ था। इस बार समीकरण में प्रशांत किशोर की जन सुराज भी है,जो भ्रष्टाचार ओर पलायन का मुद्दा उठाए हुए हैं। कुछ और भी नये राजनीतिक दल मैंदान में हैं। बिहार की सबसे बड़ी चुनौती कानून व्यवस्था और प्रशासनिक सुदृढ़ता की है। आए दिन होने वाली अपराध घटनाएं और अराजकता ने राज्य की छवि को धूमिल किया है। एक ऐसा शासन चाहिए जो भयमुक्त समाज दे सके,जहां नागरिक सुरक्षित महसूस करें,जहां अपराध पर अंकुश हो और न्याय त्वरित मिले। विकास तभी संभव है जब विश्वास का माहौल बने।**



ललित गर्ग
पटपड़गंज,दिल्ली-92

बिहार में चुनावी रणभेरी बज चुकी है। मतदान की तिथियों की घोषणा के साथ ही लोकतंत्र का यह महायज्ञ आरंभ हो चुका है, जिसमें करोड़ों मतदाता दो चरणों में दिनांक 6 और 11 नवंबर को अपने मत के माध्यम से राज्य की दिशा और दशा दोनों तय करेंगे। इस बार का चुनाव सिर्फ सत्ता परिवर्तन का नहीं,बल्कि विचार और व्यवस्था परिवर्तन का चुनाव है। बिहार लंबे समय से जिस पिछड़ेपन,बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और अराजकता की बेड़ियों में जकड़ा रहा है,उससे मुक्ति का यह अवसर है। 14 नवंबर को मतगणना के साथ बिहार में नई सरकार की तस्वीर सामने होगी, लेकिन राज्य में सियासत जिस तरह आकार ले रही है,मतदान तक कई उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकते हैं। बिहार के राजनीतिक इतिहास पर नजर डालें तो यह धरती कभी बुद्ध की करुणा और चाणक्य की नीति की जननी रही है,लेकिन आज वही बिहार कानून व्यवस्था की विफलताओं,जातिवाद की जंजीरों और विकासहीनता की विवशताओं से जूझ रहा है। सड़कें टूटी हैं,शिक्षा व्यवस्था जर्जर है, चिकित्सा तंत्र कमजोर है,और रोजगार की तलाश में हर साल लाखों युवा अपनी मातृभूमि छोड़ने को विवश हैं। ऐसे में यह चुनाव एक सामाजिक जागृति का अवसर भी है, जब मतदाता केवल चेहरे नहीं, चरित्र और चिंतन को वोट देंगे।

राजनीतिक दल अपनी-अपनी घोषणाओं,वादों और दृष्टि-पत्रों के साथ मैदान में हैं। कोई नया बिहार बनाने का नारा दे रहा है,तो कोई विकसित बिहार का। लेकिन सवाल यह है कि क्या घोषणाओं से बिहार का भाग्य बदलेगा या फिर यह चुनाव भी परंपरागत नारों और जातीय समीकरणों के हवाले हो जाएगा? यह समय है कि जनता दलों से नहीं,दिशा से जुड़ाव करे; नारे से नहीं,नैतिकता से संवाद करे। पिछले दो दशकों से नीतीश कुमार बिहार का चेहरा बने हुए हैं और यह चुनाव भी अलग होता नहीं दिख रहा। मूल सवाल यही है कि क्या नीतीश को एक और मौका जनता देगी? राज्य में एनडीए ने उन्हें आगे कर रखा है और महागठबंधन से सीधी टक्कर मिल रही है। 2005 से नीतीश कुमार बीच के कुछ समय को छोड़ कर सत्ता पर काबिज हैं। इस दौरान उन्होंने 9 बार शपथ ली और कई बार पाला बदला। गठबंधन के साथी बदलते रहने और कम सीटों के बावजूद मुख्यमंत्री वही बने। इसके पीछे उनकी अपनी 'सुशासन बाबू' की छवि भी है, लेकिन अब इसे चुनौती मिल रही है। पहली बार नीतीश सरकार को भ्रष्टाचार के आरोपों में घेरने की कोशिश हो रही है। वहीं, कानून-व्यवस्था का मामला भी चिंता बढ़ाने वाला है। हाल के महीनों में पटना में व्यवसायी गोपाल खेमका और हॉस्पिटल में घुसकर गैंगस्टर की हत्या ने सरकार की परेशानी बढ़ाई। नीतीश और भाजपा ने लालू-राबड़ी यादव के कार्यकाल को हर चुनाव में जंगलराज की तरह पेश किया,पर अब सवाल विपक्षी दल पूछ रहे हैं। यह चुनाव ऐसे अनेक सवालों के घेरे में हैं। बिहार की राजनीति में इस बार कई नए दल और कई पुराने चेहरे नए दल के साथ दिखाई देने वाले हैं। प्रशांत किशोर की पार्टी 'जनसुराज',तेजप्रताप यादव की पार्टी जनशक्ति जनता दल,उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी राष्ट्रीय लोक मोर्चा और पशुपति पारस की राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी पहली बार बिहार विधानसभा के चुनाव में नजर आने वाली है। ऐसे में सभी दल चुनावी जंग में ताल ठोकने को तैयार है। मगर देखने वाली बात ये होगी कि कौन सी पार्टी अपना कितना दम दिखा पाती है? क्या प्रशांत किशार की पार्टी उनके दावे के अनुसार प्रदर्शन करती है या फुस्स साबित होती है, वहीं,तेजप्रताप यादव अपनी पार्टी बनाकर तेजस्वी यादव को कितना झटका देते है। यह सब अब चुनाव के परिणाम पर तय होगा। साथ ही यह भी तय होगा कि कौन सी पार्टी अपना अस्तित्व बचा पाती है कौन नहीं? यह चुनाव बिहार की आत्मा को झकझोरने वाला क्षण है। यहां की जनता अब सिर्फ रोटी-कपड़ा-मकान नहीं, बल्कि शिक्षा,रोजगार,स्वास्थ्य,और सम्मानजनक जीवन चाहती है। यह चुनाव इस आकांक्षा का प्रतीक है। जो भी दल इस वास्तविकता को समझेगा,वही बिहार का भविष्य गढ़ पाएगा। आज बिहार के मतदाता अधिक सजग एवं विवेकशील हैं। वे जानते हैं कि सत्ता परिवर्तन से अधिक जरूरी है संस्कृति परिवर्तन, राजनीतिक शुचिता और प्रशासनिक जवाबदेही। यह चुनाव केवल विधानसभा की सीटें तय नहीं करेगा, बल्कि यह तय करेगा कि क्या बिहार अपनी पुरानी परछाइयों से निकलकर प्रकाश की ओर बढ़ पाएगा। क्योंकि बिहार में पिछड़ेपन, भ्रष्टाचार,अराजकता की चर्चा होती रहती है,




इसलिये यह स्वाभाविक है कि राज्य का विकास,कानून व्यवस्था एवं रोजगार का मुद्दा भी पक्ष-विपक्ष के बीच एक प्रमुख चुनावी मुद्दा होगा। हालांकि पिछली सरकारों के दौर में बिहार बदहाली के दौर से काफी निकल चुका है और विगत दो दशक में यहां की स्थितियां काफी बदली है। इस बार बिहार चुनाव बदला-बदला होगा, इसकी आहट उन घोषणाओं से भी मिलती है, जो नीतीश सरकार ने की हैं। महिलाओं, दिव्यांगों और बुजुर्गों के लिए पहली बार इस पैमाने पर ऐलान किए गए हैं। वहीं आरजेडी और कांग्रेस ने पूछा है कि इसके लिए पैसा कहां से आएगा? जनता वादों पर भरोसा करती है या बदलाव संग जाती है, जवाब मिलने में ज्यादा वक्त नहीं लगेगा। वैसे, बिहार चुनाव का इतना ज्यादा महत्व कोई नई बात नहीं है। विगत दो दशक से एक विशेष क्रम बना हुआ है। लोकसभा चुनाव के अगले साल बिहार विधानसभा के चुनाव होते हैं। केंद्र में जो पार्टी विपक्षी गठबंधन में रहती है,वह बिहार विधानसभा चुनाव में अपना पूरा जोर लगा देती है, जिससे चुनाव कुछ ज्यादा रोचक एवं उत्तेजक बन जाता है। सियासी स्थिति का आकलन करें,तो बिहार में लगभग बीस साल शासन के बावजूद जनता दल यूनाइटेड या नीतीश कुमार की ताकत को कोई भी खारिज नहीं कर रहा है। भाजपा पूरी मजबूती से नीतीश कुमार के साथ खड़ी है, ताकि सत्ता बनी रहे। दूसरी ओर, राष्ट्रीय जनता दल के नेतृत्व वाला महागठबंधन अभी नहीं, तो कभी नहीं वाले अंदाज में जोर लगा रहा है। लोकतंत्र की इस परीक्षा में बिहार एक नई इबारत लिख सकता है...एक ऐसा बिहार जो शिक्षित हो, संगठित हो, और सजग हो। जहां राजनीति सेवा का माध्यम बने,संघर्ष का नहीं,जहां सत्ता संवेदना की भाषा बोले, स्वार्थ की नहीं। बिहार का यह जनादेश वास्तव में इतिहास रच सकता है...यदि जनता जाति नहीं,न्याय को चुने,वादा नहीं,विश्वास को चुने। यह चुनाव बिहार के भाग्य परिवर्तन की कुंजी बन सकता है-बशर्ते हम सब मिलकर कहें...अब की बार,सुशासन और सुधार।

# बिहार चुनाव की घोषणा व सीटों पर माथापच्ची



संजय गोस्वामी

बिहार चुनाव की तारीखों का ऐलान हो गया है. निर्वाचन आयोग ने आज शाम 4 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस में 2025 बिहार विधानसभा चुनाव का पूरा शेड्यूल घोषित कर दिया है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने चुनाव तारीखों की घोषणा करते हुए कई महत्वपूर्ण जानकारी दी। कुल 243 सीटों पर होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव के इस महायुद्ध को सिर्फ दो चरणों में संपन्न करने का फैसला लिया गया है, जो राज्य के इतिहास में पहली बार होगा। पहले चरण का मतदान 6 नवंबर को होगा, जबकि दूसरे चरण के लिए 11 नवंबर को वोटिंग होगी। वहीं वोटों की गिनती यानि मतगणना 14 नवंबर को होगी। पहले चरण में यानि 6 नवंबर को 121 सीटों पर मतदान होंगे, वहीं दूसरे चरण यानि 11 नवंबर को 122 सीटों पर वोटिंग होगी, इधर भाजपा के वरिष्ठ नेता और बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में नीतीश कुमार ही एनडीए की ओर से मुख्यमंत्री पद का चेहरा होंगे। आकाशवाणी समाचार से विशेष बातचीत में श्री चौधरी ने कहा कि भाजपा और एनडीए को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर पूरा भरोसा है और विधानसभा चुनाव उनके नेतृत्व में ही लड़ा जाएगा।बिहार चुनाव का प्रचार में क़ोई 4पांच सीट लेने वाले केंद्रीय मंत्री मांझी जी 20-25 सीट से अधिक मांग रहें हैं क्योंकि पार्टी को केंद्रीय मान्यता चाहिए लोजपा को भी 40-50 सीट चाहिए पूर्व मंत्री श्री उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी लोक समता पार्टी को भी 20-25 सीट चाहिए यानि कुल मिलाकर 80-90 सीट इन दलों को चाहिए तो मुख्य पार्टी बीजेपी और जेडीयू 243 विधान सभा में आपस में 60-70 सीट में लड़ना होगा तो एनडीए की सरकार कैसे बनेगी सीट तो सभी लेना चाह रहें हैं लेकिन जीत कितने पर होगी ऐ एक प्रश्न चिंह है उधर महागठबंधन में भी आपस में सीटों में खींचातानी चल रही है जिससे आरजेडी भी आसंजस में है आरजेडी में चुनाव को तेजस्वी को लेकर परिवार के अंदर ही बगाबत हो गई और तेज प्रताप यादव जो उनके भाई हैं एक अलग ही पार्टी बना ली इन सब के बीच जनसुराज पार्टी चुनाव प्रचार में पार्टियों के मंत्री पर आरोप लगा रहें हैं लेकिन जब मालूम था ऐ क्राइम किया है तो अभी चुनाव में क्यों बता रहें है पहले बताना चाहिए और खुद पहले अपने को भी देखना चाहिए एक कहावत है बुरा बुरा जो देखन मैं चला,बुरा न मिलिया कोय। जो दिल खोजा आपना, मुझसे बुरा न कोय॥ यह संत कबीर दास का एक प्रसिद्ध दोहा है जिसका अर्थ है कि जब मैं दुनिया में दूसरों की बुराई खोजने चला, तो कोई बुरा व्यक्ति नहीं मिला। लेकिन जब मैंने अपने अंदर झाँका और अपने मन को टटोला, तो मुझे पता चला कि मुझसे बुरा कोई नहीं है अतः पहले खुद को भी देखना चाहिए बिहार में माफियाओ के बल पर आज भी सरकार बनती है ऐ किसी से छिपा नहीं है और बिहार में सत्ता में रहने के लाठी का दबदबा भी चाहिए नहीं तो क़ोई भी पार्टी को तोड़ कर इधर से उधर चला जायेगा प्रशांत किशोर जी को चाहिए आरोप या प्रत्यारोप से बच कर जनता के लिए कुछ करना चाहिए गलत गलत ही होता है जब यहाँ से सज़ा नहीं मिलता तो ऊपरवाला छोड़ नहीं देगा समय का इंतजार करिये अभी राज खोलने से जनता के बीच में ऐ संदेश जाता है कि पहले इतना दिन से कहाँ थे और अभी चुनाव के बीच करने का मतलब है सत्ता पाना जो कुछ ही सीट 3-4 से ज्यादा नहीं मिलने वाली है चुनाव जितने के लिए काम करना होता है और जब काम करेंगे और जनता जरूर जीता देगी और जब जीत कर सरकार बन जाएगी तो जाँच करा देना अतः इन सब के राज खोलने से जनता को मिलेगा क्या? जनता की सेवा करो और किसी के व्यक्तिगत आरोप से बचना चाहिए जब हम दूसरों में दोष ढूंढने निकलते हैं, तो हमें बहुत सारे लोग बुरे लग सकते हैं, लेकिन यह एक ऊपरी और भ्रामक सोच है इससे जनता को क्या मिलेगा फैसला तो अदालत में होता है दूसरों की आलोचना करने या निंदा करने के बजाय, हमें अपनी बुराइयों को पहचानकर उन्हें दूर करने का प्रयास करना चाहिए और सेवा से ही जीत मिलेगी आरोप से नहीं क्योंकि जब बने थे तब कहाँ थे उस समय क्यों नहीं आबाज निकला इतने दिनों से आवाज़ बन्द क्यों थी ऐ चुनाव के समय ही क्यों याद आ रहा है मुख्यमंत्री किसे बनाना ऐ पहले ही बता देना जो गलती करता है या जो गलत काम करता है भी कहा जा सकता है,जहाँ गलत का मतलब गलत या अनुचित है, और करने वाला का मतलब वह व्यक्ति है जो ऐसा करता है या काम करता है।लेकिन उसके लिए न्यायलय है उसका फैसला तथ्यों के आधार पर होता है संत कबीर कहते हैं संसार में बुरे लोगो को खोजा, तो मुझे कोई भी बुरा आदमी नहीं मिला। परन्तु जब अपने अंदर झाँका (अपनी अंतरात्मा में खोजा) तो मुझसे बुरा नहीं कोई इस संसार में क्या आप नीतीश कुमार को हलके में ले रहें है वो राजनीती के माहिर खिलाड़ी है। नीतीश कुमार सभी मुद्दे पर मौन है क्योंकि किसी के व्यक्तिगत टिप्पणी से पार्टी को नुकसान होगा इसलिए बिहार को इधर नई नई सौगात दे रहें है और कई महिला किसानों के खाते में 10 हजार रूपये भी मिले हैं अतः एनडीए में जब मोदीजी भाषण देने आएंगे तो खेल का रूख मोड़ देंगे क्योंकि महिलाओ में काफी भरोसा है आखिर प्रशांत किशोर को अभी ही सब बुरे क्यों नजर आ रहें हैं पहले ही बताना चाहिए था तभी समझ में आता आप अपने लिए नहीं बिहार के लिए सोच रहें हैं। जितन राम मांझी को नीतीश कुमार मना लेते हैं और वो केंद्रीय मंत्री भी हैं अतः फिर से नीतीश कुमार की अगुआई में सरकार बनेगी और प्रशांत किशोर कांग्रेस का वोट काटेंगे और 2-3 सीट से ज्यादा नहीं मिलेगी वहाँ पहले उपेंद्र कुशवाहा भी अलग चुनाव लड़ कर देख चूंके हैं और बिहार बहुत ही चालक है उसे जंगल राज के बारे में खुद पता है बिहार में पढ़े लिखे लोगों की भी एक अच्छी संख्या है वो नहीं चाहेगी की श्री तेजस्वी यादव जैसे को बिहार की कमान दें अतः कुल मिलाकर मुकाबला दिलचस्प होगी लेकिन नीतीश कुमार राजनीति के माहिर खिलाड़ियों में से एक हैं जो जीत की ओर बढ़ते दिख रहें हैं और आरजेडी के अपने ही घर में कलह दिख रहा अतः तेजस्वी को अपने ही घर से मुख्यमंत्री पद के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है।

# खाद्य पदार्थों में मिलावट,सेहत पर संकट

मनोज कुमार अग्रवाल,विनायक फीचर्स



आजकल जब कफ सीरप जैसी दवाइयों में मिलावट से अनेक सुकोमल, मासूम बच्चे मौत के मुंह में जा चुके हैं ऐसे समय में अनेक मुनाफाखोर मिठाईयों में भी मिलावट कर रहे हैं। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने विजयदशमी के दिन कई जगहों पर योजनाबद्ध तरीके से छापा मारकर मिलावटी देशी घी के रैकेट का भंडाफोड़ किया है। इस दौरान 1,625 किलोग्राम मिलावटी देशी घी जब्त किया गया और छह आरोपी गिरफ्तार हुए। करावल नगर के शिव विहार से आरोपी सफीक (30 वर्ष) को गिरफ्तार किया गया। यहां से 33 टिनों में कुल 520 किलोग्राम नकली देशी घी और मिलावट में इस्तेमाल होने वाले केमिकल व दवाएं बरामद की गई हैं। शिव विहार फेज-7 में छापा मारकर चार आरोपियों यूसुफ मलिक (50 वर्ष), उनका बेटा मेहबूब (22 वर्ष), शाकिर (गाजियाबाद) और शाहरुख (गाजियाबाद) को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से 28 टिनों में 440 किलोग्राम नकली घी, केमिकल, गैस सिलेंडर, स्टोव और अन्य सामान जब्त किया गया। पुराना मुस्तफाबाद में छापा मारने के बाद 44 टिनों में 665 किलोग्राम नकली घी, केमिकल, गैस सिलेंडर आदि बरामद किया गया। निजी स्वार्थों से प्रेरित मिलावटखोर अधिक लाभ कमाने के लालच में खाद्य पदार्थों से लेकर जीवन रक्षक दवाइयों तक में हानिकारक वस्तुओं की मिलावट करके लोगों के स्वास्थ्य से खेल रहे हैं। पिछले लगभग तीन सप्ताह में मिलावट खोरी के कई मामले पुलिस ने पकड़े हैं। 15 सितम्बर को दिल्ली की उत्तरी बाहरी जिला पुलिस ने एक फैक्टरी का भंडाफोड़ करके वहां से लगभग 7600 लीटर मिलावटी घी बरामद करके फैक्टरी के सुपरवाइजर बृजेश को गिरफ्तार किया जबकि फैक्टरी का मालिक फरार है। 23 सितम्बर को जयपुर (राजस्थान) की फूड सेफ्टी टीम ने चांदपोल बाजार स्थित एक गोदाम पर छापा मार कर वहां से विभिन्न प्रसिद्ध ब्रांडों के लेबल लगाकर बेचा जाने वाला 884 लीटर नकली देसी घी बरामद किया। 23 सितम्बर को ही जयपुर (राजस्थान) की फूड सेफ्टी टीम ने मालवीय नगर में एक पिकअप वैन को जब्त कर उसमें से 400 किलोग्राम मिलावटी पनीर बरामद करके उसे नष्ट करवाया। 26 सितम्बर को बुलंदशहर (उत्तर प्रदेश) में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने सोन पापड़ी के गोदाम पर दबिश देकर वहां भारी मात्रा में नकली सोन पापड़ी जब्त करके फैक्टरी को सील कर दिया। 28 सितम्बर को निजामपुर (उत्तर प्रदेश) में नकली मिठाई बनाने वाली फैक्टरी को सील किया जहां घटिया सामग्री से बड़े पैमाने पर पेड़ा, बर्फी और टाफियां बनाई जा रही थीं। 28 सितम्बर को ही खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों ने एक पिकअप वैन में भरकर अलवर (राजस्थान) से जयपुर ले जाया जा रहा 110 किलो मिलावटी पनीर नष्ट करवाया। इस सम्बन्ध में एक व्यक्ति को गिरफ्तार भी किया गया। 29 सितम्बर को राजस्थान के बानसूर और कोटपूतली में खाद्य विभाग ने 600 लीटर नकली दूध और 375 लीटर मिलावटी घी जब्त किया। 30 सितम्बर को गुरुग्राम (हरियाणा) के फर्रुखनगर में खाद्य सुरक्षा विभाग तथा सी.एम. फ्लाइंग की संयुक्त टीम ने विभिन्न दुकानों पर छापे मार कर 2000 किलो से अधिक मिलावटी पनीर और खोया (मावा) जब्त किया तथा सैम्पल की रिपोर्ट आने से पहले बरामदगी वाले प्रतिष्ठानों को सील कर दिया। 30 सितम्बर को कोटपूतली (राजस्थान) के विराटनगर में बड़ी कार्रवाई करते हुए अधिकारियों ने एक पिकअप से 1100 किलो सिंथेटिक पनीर बरामद करके उसे मौके पर ही नष्ट करवा दिया और एक आरोपी को हिरासत में लिया।

## जूता प्रकरण : जो हुआ वो गलत हुआ, पर हुआ ही क्यों? इस पर भी चिंतन जरूरी!



सुशील कुमार नवीन

सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को जो हुआ, वह पूर्णतः गलत हुआ। ऐसा नहीं होना चाहिए था। लोकतांत्रिक देश में विरोध के तरीके और भी बहुत हैं। देश की सर्वोच्च न्याय संस्था के मुखिया के साथ इस तरह की हरकत सीधे-सीधे न्याय प्रकिया पर हमला है। सीजेआई ने भी उदार हृदय दिखाकर नया उदाहरण प्रस्तुत किया है, जो निसंदेह न्यायिक अधिकारी के सरल स्वभाव की नई नजीर बनेगा। निसंदेह इस तरह की घटना नहीं होनी चाहिए, पर अब जब हो ही गई तो अब इस पर भी चिंतन जरूरी है।

न्यायालय देश के प्रत्येक उस व्यक्ति की सबसे बड़ी उम्मीद है जो हर तरह की व्यवस्था से आहत है। जब कोई सुनवाई नहीं हो रही हो। न प्रशासन सुन रहा हो और न सरकार। तब उम्मीद की एकमात्र रोशनी की किरण यहीं से प्राप्त होने की होती है। न्यायालय द्वारा कहा गया हर एक शब्द पत्थर की लकीर होता है। हर एक शब्द अक्षय बन जाता है। हजारों, लाखों नाउम्मीद लोगों को उस एक शब्द से न्याय की आस बंध जाती है। तभी तो साफ सुनने को मिलता है कि कोई बात नहीं यहां सुनवाई नहीं हुई, कोर्ट तो मेरी बात सुनेगा। भारत एक धर्मपरायण देश है। विभिन्न प्रकार की धार्मिक आस्थाओं का यहां प्रभाव है। देश का बहुत बड़ा तबका धर्म-कर्म के सार्थक-निरर्थक कथन पर खड़ा होने में देर नहीं लगाता। धर्म के प्रति समर्पण हमारा सामान्य स्वभाव है। भगवतगीता में कहा गया है कि -

**श्रद्धावान्ल्लभते ज्ञानं तत्परः**
**संयतेन्द्रियः**
**ज्ञानं लब्ध्वा परां**
**शान्तिमचिरेणाधिगच्छति।**

भाव है कि श्रद्धा रखने वाले मनुष्य, अपनी इन्द्रियों पर संयम रखने वाले मनुष्य, साधनपारायण हो अपनी तत्परता से ज्ञान प्राप्त करते हैं, फिर ज्ञान मिल जाने पर जल्द ही परम-शान्ति को प्राप्त होते हैं। इसी तरह चाणक्य नीति का प्रसिद्ध श्लोक है -

**यो धर्म सत्त्वसंपन्नं सततं**
**चानुपश्यति**
**न स पापेषु लिप्येत**
**पद्मपत्रमिवाम्भसा॥**

जो व्यक्ति सत्त्वसंपन्न होकर हमेशा धर्म का पालन करता है,वह कमल के पत्ते की तरह जल से अछूता रहता है, उसी तरह वह पापों में नहीं लिप्त होता। आचार्य चाणक्य के अनुसार,धर्म मनुष्य का स्वाभाविक कर्तव्य और नैतिक आचरण है,जो उसे समाज में अपनी भूमिका निभाने और दूसरों के लिए सही कार्य करने में मदद करता है। धर्म के बिना जीवन निरर्थक है और इसके द्वारा व्यक्ति अपने यश को अमर कर सकता है, क्योंकि धर्म ही उसे मृत्यु के बाद भी जीवित रखता है। सत्य, प्रिय और हितकर वाणी का प्रयोग ही धर्म है, और दान-पुण्य तथा अपने कर्तव्यों का निर्वहन ही वास्तविक धर्म है। ऐसे में धर्म के प्रति देश में अगाध आस्था है। इसके देश में बहुत से उदाहरण हैं। युनेस्को की विश्व धरोहरों में अपना विशेष स्थान रखने वाले खजुराहो के एक मंदिर में भगवान विष्णु की मूर्ति के पुनर्निर्माण की याचिका पर सीजेआई के बयान में कितनी सच्चाई है। इस पर चर्चा करना अब बेमानी है।

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटाराअम्बिकापुर न्यायलय के अधीन होगा।
-सम्पादक

## कविता



डॉ. सत्यवान सौरभ

### महर्षि वाल्मीकि ज्ञान से जागरण तक

अंधकार था मन भरा,पापी जीवन खेत।
ज्ञान-सूर्य जब उग गया,हटी तमस की रेत।।

रत्नाकर से ऋषि हुए,तप से बदला भाव।
शब्दों में करुणा बही,ज्यों सागर में नाव।।

राम नाम की साधना,सुमिरन बना प्रकाश,
भटका मन पथ पा गया,नभ में सूरज-वास।

गुरु दिया उपदेश जो,सच्चा था वह ज्ञान,
शिष्य ने अपना लिया,तो जगा अमृत-गान।

वन में बैठा मौन हो,जपता था वो नाम,
शब्दों से निकली कथा,रामायण जप राम।।

जाति नहीं पहचान है,और कर्म आधार।
कहे वाल्मीकि है यही,यही मनुज का सार।

डाकू भी तब कवि बने,खिलती भीतर धूप।
मन साधे जब सत्य को,खुले तब आत्म रूप।

ग्रंथ नहीं रामायणा,जीवन का आभास।
चरित्र में झलके वहाँ,नीति,प्रेम,सुवास।।

महर्षि का संदेश है,भीतर देखो आप।
राम वही जो जागता,अंतर के आलाप।।

रत्नाकर था लूटिया,मन पापी अंजान।
नारद वाणी लग गई,जाग उठा इंसान।

गुरु सिखाए ज्ञान को,पर अपनाए कौन।
जो भी अंतर झाँक लें,साधे पवित्र मौन।।


डाकू भी कवि बन गया,हुआ राम का ध्यान।
मन के भीतर सो गया,सारा पाप,अभिमान।

रामायण लिख दी उसने,जो था पहले चोर,
ज्ञान बदल दे भाग्य भी,यदि जागे मन-डोर।

हर मन में वाल्मीकि है,हर तन में है चोर।
राम वही जो जान ले,खुद के भीतर शोर।।

वाल्मीकि का संदेश है,कर ले अंतर साफ।
राह नई तू चल पकड़,खुद को कर के माफ।।

## सुविचार



# घायल पहाड़ी कोरवा युवक को 26 घंटे बाद मिली एंबुलेंस,इलाज के अभाव में हुई मौत,परिजनों और कांग्रेसियों ने शव रखकर किया प्रदर्शन

-संवाददाता-
अंबिकापुर,07 अक्टूबर 2025
(घटती-घटना)।



इंसानियत को झकझोर देने वाली एक लापरवाही की घटना सामने आई है, जहां समय पर इलाज न मिलने के कारण एक घायल युवक की जान चली गई। बलरामपुर जिले के मदनेश्वरपुर गांव निवासी 32 वर्षीय गुड्डू पहाड़ी कोरवा की 4 अक्टूबर की शाम बाइक से गिरने के बाद मौत हो गई,लेकिन इस मौत से पहले का पूरा घटनाक्रम स्वास्थ्य व्यवस्था की बदहाली को उजागर करता है। परिजनों को न सिर्फ घायल युवक के इलाज के लिए भटकना पड़ा,बल्कि मौत के बाद शव को लाने के लिए भी निजी वाहन का सहारा लेना पड़ा। गुड्डू पहाड़ी कोरवा 4 अक्टूबर की शाम बाइक से सिधमा बाजार जा रहा था,जब रास्ते में सडक़ पर बिछी डस्ट में फिसलकर गिर पड़ा। हादसे में उसके सिर में गंभीर चोटें आईं। स्थानीय लोगों और परिजनों ने तुरंत उसे बरियों अस्पताल पहुंचाया,जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया गया।मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उसका सिटी स्कैन कराया गया,जिसमें सिर में गहरी चोट की पुष्टि हुई। हालत को गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने 5 अक्टूबर की दोपहर करीब 2 बजे उसे रायपुर रेफर कर दिया। लेकिन समस्या तब शुरू हुई जब रायपुर ले जाने के लिए परिजनों को सरकारी एंबुलेंस उपलब्ध नहीं कराई गई। परिजनों और गांव के लोगों ने कई बार अस्पताल प्रशासन और अधिकारियों से गुहार लगाई,लेकिन कोई मदद नहीं मिली।

### 9 हजार में किराए का वाहन लेकर लौटे परिजन

मजबूर परिजनों ने 9 हजार रुपए में किराए पर वाहन लेकर शव को अंबिकापुर लाया। 7 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे वे शव लेकर अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे। इस घटना की जानकारी मिलते ही कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता भी अस्पताल पहुंचे। सरगुजा कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक के नेतृत्व में कांग्रेसियों और परिजनों ने शव को अस्पताल परिसर में रखकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने शासन, प्रशासन और अस्पताल प्रबंधन पर घोर लापरवाही का आरोप लगाते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग की।

### आदिवासी युवक की मौत पर सवाल खड़े

इस पूरे मामले ने न सिर्फ स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं, बल्कि यह भी उजागर किया है कि कैसे एक आदिवासी युवक की जान इलाज के अभाव में चली गई। न एंबुलेंस समय पर मिली, न पोस्टमॉर्टम की व्यवस्था और न ही शव वाहन। यह घटना सिस्टम की संवेदनहीनता का जीवंत उदाहरण बन गई है।

**26 घंटे बाद मिली एंबुलेंस, रास्ते में ही मौत :** लगातार प्रयासों के बाद 6 अक्टूबर की शाम करीब 4 बजे सरकारी एंबुलेंस मिली और गुड्डू को रायपुर के डीकेएस अस्पताल ले जाया गया। लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। रात करीब 11 बजे डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि वहां भी शव को बिना पोस्टमॉर्टम किए ही परिजनों को सौंप दिया गया। इतना ही नहीं, शव वाहन भी उपलब्ध नहीं कराया गया।

**दोषियों पर कार्रवाई और मुआवजा :** कांग्रेस नेताओं और परिजनों की मांग है कि पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाए और मृतक के परिवार को मुआवजा दिया जाए। प्रदर्शन के बाद जिला प्रशासन ने मामले की जांच कराने का आश्वासन दिया है।

## सौर ऊर्जा से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ते कदम

### सूर्य प्रकाश त्रिपाठी ने 'पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना' का लिया लाभ,केंद्र व राज्य सरकार से मिली डबल सब्सिडी

-संवाददाता-
अंबिकापुर,07 अक्टूबर 2025 (घटती-घटना)।



सुबह का सवेरा सूर्य की रौशनी के साथ घर में हर दिन मुफ्त बिजली ला रहा है,अम्बिकापुर के डीसी रोड निवासी श्री सूर्य प्रकाश त्रिपाठी ने प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत अपने घर के आंगन में बने शेड पर 3 किलोवाट क्षमता का सोलर पैनल लगवाया है, जिससे उनका घर अब पूरी तरह सौर ऊर्जा से आत्मनिर्भर बन गया है। श्री त्रिपाठी बताते हैं, पहले हर महीने बिजली बिल की चिंता रहती थी, अब सूरज ही हमारा बिजलीघर बन गया है। सरकार की मदद से सोलर सिस्टम लगाना आसान और सस्ता दोनों हो गया है।

**केंद्र और राज्य सरकार की संयुक्त सब्सिडी :** प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त योजना के तहत केंद्र व राज्य सरकार संयुक्त सब्सिडी मिल रही है, श्री त्रिपाठी ने बताया कि 3 किलोवाट पर केंद्र सरकार से 78,000 रुपये और राज्य सरकार से 30,000 रुपये की सब्सिडी प्राप्त होगी। कुल मिलाकर 1,08,000 रुपये की आर्थिक सहायता मिलेगी। शासन की इस पहल से पहले बिजली उपभोक्ता थे लेकिन अब अपने घर की खपत पूरी करने के बाद अतिरिक्त बिजली ग्रिड में बेचकर आमदनी भी प्राप्त कर सकते हैं।

**कैसे लें पीएम सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना का लाभ :** इसमें बिजली उपभोक्ता को pmsuryaghar.gov.in पर जाकर ऑनलाइन आवेदन करना होता है। आवेदन स्वीकृत होने के बाद MNRE (नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय) से पंजीकृत वेंडर के माध्यम से सोलर पैनल लगवाया जा सकता है। पैनल इंस्टालेशन और निरीक्षण के बाद सब्सिडी की राशि सीधे बिजली उपभोक्ता के बैंक खाते में ट्रांसफर की जाती है।

**लाभ केवल बिजली बचत तक सीमित नहीं :** अब श्री त्रिपाठी का मासिक बिजली बिल लगभग शून्य हो गया है। सौर पैनल से उत्पन्न अतिरिक्त बिजली ग्रिड में भेजी जाती है, जिसके बदले उन्हें नेट मीटरिंग प्रणाली से क्रेडिट यूनिट मिलती हैं। इससे भविष्य के बिलों में समायोजन होगा और वित्तीय वार्षिक में अतिरिक्त बिजली का भुगतान विद्युत विभाग करेगी। उन्होंने कहा कि यह योजना सिर्फ बिजली बिल कम करने का माध्यम नहीं है,बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ पर्यावरण की सौगात भी है। अगर हर घर सोलर अपनाए तो मुफ्त बिजली पाएंगे।

## बेलबहरा में "बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ" के अंतर्गत बालिकाओं को दिया गया मानसिक स्वास्थ्य की जानकारी

-संवाददाता-
एमसीबी,07 अक्टूबर 2025
(घटती-घटना)।



भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत वर्ल्ड मेंटल हेल्थ डे की थीम पर बेलबहरा हाई स्कूल में बालिकाओं के मानसिक स्वास्थ्य, आत्मविश्वास,भावनात्मक सशक्तिकरण और समग्र व्यक्तित्व विकास पर केंद्रित एक भव्य एवं प्रेरणादायी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डी. राहुल वेंकट के मार्गदर्शन और महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी राजकुमार खाती के कुशल नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का मंच संचालन मिशन शक्ति हब की जिला समन्वयक श्रीमती तारा कुशवाहा द्वारा किया गया,जिन्होंने अपने प्रभावशाली संचालन और प्रेरक शब्दों से पूरे कार्यक्रम को जीवंत बना दिया। उन्होंने छात्राओं को आत्मविश्वास और मानसिक संतुलन बनाए रखने के लिए सकारात्मक सोच अपनाने की प्रेरणा दी। आज के कार्यक्रम में सखी वन स्टॉप सेंटर की मनोवैज्ञानिक परामर्शदाता सुश्री अमीषा कुशवाहा, चाइल्ड लाइन की परामर्शदाता श्रीमती रूमा पाठक, बाल संरक्षण इकाई के परामर्शदाता श्री राकेश कुमार साहू ने भी बालिकाओं के जीवन में आने वाली समस्याओं पर बातचीत किया और उन समस्याओं के समाधान के बारे में बालिकाओं को जानकारी प्रदान किया। विद्यालय परिसर इस अवसर पर उत्साह, ऊर्जा और जागरूकता से सराबोर रहा,जहाँ छात्राओं और शिक्षकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। विशेषज्ञ वक्ताओं ने छात्राओं को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व,तनाव प्रबंधन, आत्मविश्वास निर्माण, परीक्षा के दबाव से निपटने, तथा जीवन में संतुलन और दृढ़ता बनाए रखने के व्यावहारिक उपायों की जानकारी दी। मनोवैज्ञानिकों ने कहा कि मानसिक रूप से स्वस्थ रहना जीवन की सबसे बड़ी संपत्ति है, क्योंकि एक सशक्त मन ही सशक्त समाज और सफल भविष्य की नींव रखता है। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को योग, ध्यान, आत्म-चिंतन और समय प्रबंधन जैसी तकनीकों का प्रशिक्षण दिया गया। उन्हें बताया गया कि आधुनिक प्रतिस्पर्धा के इस युग में मानसिक संतुलन बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। बालिकाओं को प्रेरित किया गया कि वे अपनी भावनाओं को व्यक्त करने में हिचकिचाएँ नहीं और जरूरत पड़ने पर परिवार, शिक्षकों या मित्रों से खुलकर संवाद करें। इस अवसर पर विद्यालय की छात्राओं ने वर्ल्ड मेंटल हेल्थ डे और महिला सशक्तिकरण - मिशन शक्ति हब थीम पर आधारित निबंध, भाषण और पोस्टर प्रदर्शनी के माध्यम से अपने विचार व्यक्त किए। उनके बनाए पोस्टर और स्लोगन समाज को यह संदेश दे रहे थे कि एक सशक्त बेटी ही स्वस्थ समाज और मजबूत राष्ट्र की आधारशिला है। छात्राओं की प्रस्तुतियों में आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच और मानसिक दृढ़ता का उत्कृष्ट समन्वय देखने को मिला। कार्यक्रम में वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में कहा कि मानसिक स्वास्थ्य के प्रति खुली चर्चा आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। प्रत्येक बेटी को अपने भीतर के विचारों और भावनाओं को स्वतंत्र रूप से व्यक्त करने का अवसर मिलना चाहिए। मानसिक चुनौतियों से निपटने के लिए सहायता मांगना कमजोरी नहीं, बल्कि एक समझदारी भरा कदम है। शिक्षकों ने छात्राओं को अनुशासन, सकारात्मक दृष्टिकोण और आत्मविश्वास के साथ जीवन जीने की प्रेरणा दी। जिला प्रशासन द्वारा इस आयोजन को स्वस्थ मन, सशक्त बेटी - मजबूत समाज की नींव थीम पर आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य बेटियों के मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य के प्रति समाज में जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित छात्राओं और शिक्षकों ने एक स्वर में कहा कि इस प्रकार की पहले समाज में सकारात्मक सोच और संवेदनशीलता का संचार करती हैं। ऐसी गतिविधियां न केवल बालिकाओं के आत्मविश्वास को मजबूत करती हैं, बल्कि एक जागरूक, प्रगतिशील और मानसिक रूप से सशक्त समाज की नींव भी रखती हैं। समापन सत्र में सभी छात्राओं ने सामूहिक रूप से यह संकल्प लिया कि वे अपने आसपास मानसिक स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरूक करेंगी और समाज में स्वस्थ मन, सशक्त भारत का संदेश घर-घर तक पहुँचाएंगी। यह प्रेरणादायक आयोजन न केवल बालिकाओं के मानसिक विकास का प्रतीक बना, बल्कि यह संदेश भी दिया कि मानसिक रूप से मजबूत बेटियाँ ही भविष्य के सशक्त भारत की वास्तविक पहचान हैं।

## युवक की हत्या के मामले में आरोपी गिरफ्तार

-संवाददाता-
अंबिकापुर,07 अक्टूबर 2025
(घटती-घटना)।



पत्नी के भगाए जाने की शक पर युवक की हत्या किए जाने के मामले में धौरपुर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। पुलिस के अनुसार रतनू कोरवा अंबापकरी तीनपाठ चौकी पण्डरापाठ, थाना बगीचा जिला जशपुर के रहने वाला था। वह 5 अक्टूबर को पत्नी सुदरी व बच्चों के साथ धौरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम भेडिया बथानपारा पत्नी के बड़े पिता के घर आया था। यहां रात को खाना खाने के बाद परछी में पत्नी व बच्चों के साथ सोया था। घर में दरवाजा नहीं था। रात करीब 12 बजे पत्नी का ममेरा भाई मोहर साय कोरवा हाथ में टांगी लेकर आया और घर में घुसकर सो रहे रतनू को खींचकर आंगन में निकाला और कहा कि तुम मेरी पत्नी को अपने छोटे भाई के साथ भगा दिए हो कहते हुए टांगी से उसके गर्दन पर हमला कर दिया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पत्नी द्वारा चिल्लाने पर मोहर साय मौके से फरार हो गया था। मामले में धौरपुर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

## पत्नी की हत्या के मामले में आरोपी पति गिरफ्तार

-संवाददाता-
अंबिकापुर,07 अक्टूबर 2025
(घटती-घटना)।



पूर्व सरपंच की बहू की हत्या के मामले में पुलिस ने खुलासा किया है। महिला के पति ने ही गला दबाकर उसकी हत्या की थी। पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर दिया है। जानकारी के अनुसार गांधीनगर थाना क्षेत्र के ग्राम डिगमा में 4 अक्टूबर की रात शीला सोन्हा की लाश घर में ही बिस्तर पर मिली थी। वह डिगमा के पूर्व सरपंच सुमित्रा देवी की बहू थी। शीला अपने पति उमाशंकर सोन्हा व बच्चों के साथ सास से अलग रहती थी। 4 की शाम को शीला सोन्हा के बच्चे दादी सुमित्रा देवी के घर जाकर खाना मांगने लगे। दादी ने पूछा की क्या तुम्हारी मां खाना नहीं बनाई है। बच्चों ने बताया कि मां बिस्तर पर है और उठन नहीं रही है। शंका पर सुमित्रा जाकर देखी तो शीला सोन्हा मृत अवस्था में थी। उसने घटना की जानकारी गांधीनगर थाने को दी। पुलिस मौके पर जाकर मामले की जांच की और शक के आधार पर उसके पति को हिरासत में लिया था। क्यों कि पति शराब के नशे में घर में ही था। वहीं पीएम रिपोर्ट में गला दबाकर हत्या की पुष्टी होने पर पुलिस ने उसके पति से सख्ती से पूछताछ की तो उसने बताया कि घटना दिवस शीला अपने बच्चों को किसी बाता को लेकर मार रही थी। इस बात को लेकर गुस्से में आकर पति ने पत्नी का गला दबा दिया था। इससे उसकी मौत हो गई थी।

## सड़क दुर्घटनाओ में कमी लाने एवं यातायात जागरूकता हेतु शिक्षण संस्था के आस-पास नाबालिग वाहन चालकों पर की गई कार्यवाही

### वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सरगुजा के निर्देशन में यातायात पुलिस टीम द्वारा की गई कार्यवाही

-संवाददाता-
अंबिकापुर,07 अक्टूबर 2025 (घटती-घटना)।

शहर के व्यस्ततम सड़कों सहित शिक्षण संस्थाओ के आस पास के सड़को मे दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं यातायात व्यवस्था का सुचारू संचालन किये जाने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सरगुजा श्री राजेश कुमार अग्रवाल (भा.पु.से.) द्वारा यातायात पुलिस टीम को कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया था। इसी तारतम्य मे यातायात पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक को रामानुजगंज रोड एवं प्रतापपुर रोड के मध्य स्थित शिक्षण संस्था के पास बेतरतीब ढंग से खड़े वाहनों एवं नाबालिगों द्वारा दोपहिया वाहन चलाने पर सखूती से चालानी कार्रवाई की गई, यातायात पुलिस टीम द्वारा शिक्षण संस्था के आस पास यातायात व्यवस्था के सम्बन्ध में स्कूल प्रबंधन से चर्चा की गई एवं नाबालिक बच्चों को स्कूल में दुपहिया वाहन ना लाने हेतु निर्देशित किया गया, संस्था प्रमुख को परिसर के बाहर एवं सामने वाहन खड़ा ना करवाने हेतु निर्देश दिए गए, जिससे यातायात व्यवस्था बनी रहे एवं सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। कार्यवाही के दौरान मुख्य मार्ग में बेतरतीब ढंग से खड़े 32 दो पहिया वाहनों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत 32000/- रुपये की चालानी कार्रवाई की गई है, सरगुजा पुलिस आम नागरिकों से निवेदन करती है कि नाबालिक बच्चों को दुपहिया वाहन न चलाने देवे नियमों का पालन करें और शहर की यातायात व्यवस्था को सुधारने मे आम नागरिक सहयोग प्रदान करें। भविष्य में भी सरगुजा पुलिस द्वारा सभी शैक्षणिक संस्थाओं के आसपास यातायात अभियान चलाया जाएगा। कार्यवाही के दौरान यातायात प्रभारी उप निरीक्षक यातायात प्रभारी विजय कैवर्त, सहायक उप निरीक्षक सी.पी. सिंह ,सहायक उप निरीक्षक सी.पी.केरकट्टा ,आरक्षक आलोक गुप्ता , विनोद राजवाड़े,राम प्रताप राजवाड़े, कुंजलाल सोरी,तुलेश कुमार ,दिनय सिंह,सैनिक विजय साहू, संदीप लकड़ा सक्रिय रहे।

## तीन दिवसीय बहुभाषा मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण का शुभारंभ

-संवाददाता-
अंबिकापुर,07 अक्टूबर 2025
(घटती-घटना)।



डाइट अम्बिकापुर में 6 अक्टूबर से तीन दिवसीय संभाग स्तरीय बहुभाषा (एमएलई) मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण का शुभारंभ हुआ। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम सरगुजा संभाग के सभी 6 जिलों के 32 विकासखंडों से चयनित 64 शिक्षकों के लिए आयोजित किया गया है। प्रशिक्षण का शुभारंभ अतिरिक्त संचालक एससीईआरटी रायपुर जेपी रथ एवं संयुक्त संचालक शिक्षा सरगुजा संभाग संजय गुप्ता द्वारा किया गया। इस अवसर पर एलएलएफ के राष्ट्रीय सलाहकार डॉ. महेन्द्र मिश्र, राज्य एमएलई व एनईपी प्रभारी सुशील राठोड़, पीएसटीई प्रभारी डेकेश्वर वर्मा एवं भाषा विशेषज्ञ संजय गुलाटी विशेष रूप से उपस्थित रहे। अपने उद्बोधन में अतिरिक्त संचालक ने स्थानीय भाषाओं के संरक्षण व प्रयोग की आवश्यकता पर बल दिया।

## डायरेक्टर बलविंदर सिंह गिरफ्तार, मुंबई पुलिस कर रही पूछताछ

-संवाददाता-
अंबिकापुर,07 अक्टूबर 2025
(घटती-घटना)।



देशभर में करोड़ों रुपये की ठगी करने वाले मिस्टर मिंट क्रिप्टो करेंसी घोटाले में एक और बड़ी गिरफ्तारी हुई है। विगत दिवस मुंबई पुलिस की साइबर क्राइम विंग ने अंबिकापुर के बलविंदर सिंह उर्फ बल्ली छाबड़ा को गिरफ्तार किया है। बलविंदर सिंह इस घोटाले में शामिल डायरेक्टरों में से एक है। पुलिस ने उसे सरगुजा पुलिस के सहयोग से सोमवार को अंबिकापुर से हिरासत में लिया और ट्रांजिट रिमांड के बाद मुंबई ले जाया गया। आपको बता दें कि बलविंदर सिंह छाबड़ा को पुलिस तलाश कर रही थी। लेकिन एक गलती बलविंदर को भारी पड़ गया। उन्होंने अपने दोस्त के जन्मदिन पार्टी मनाने के लिए अंबिकापुर आया था और पार्टी के दौरान फेसबुक पर पोस्ट कर दिया जिससे मुंबई पुलिस ने लोकेशन ट्रैक करके गिरफ्तार कर लिया है।

**अरबों की ठगी, विदेशी ट्रांजैक्शन :** मिस्टर मिंट क्रिप्टो घोटाले में संचालकों ने देशभर के करीब 1 करोड़ निवेशकों से अरबों रुपये की ठगी की। जांच में सामने आया कि निवेशकों से लिए गए रुपये को अवैध रूप से डॉलर में बदलकर विदेश भेजा गया। इस घोटाले को देशद्रोह और मनी लॉन्ड्रिंग जैसे गंभीर अपराधों की श्रेणी में रखा गया है।

**फर्जी टोकन और सेलिब्रिटी प्रचार :** कंपनी ने निवेशकों को आकर्षित करने के लिए फर्जी क्रिप्टो टोकन और नकली एक्सचेंज बनाए। मिस्टर मिंट ने हरभजन सिंह और साइना नेहवाल जैसे सेलिब्रिटीज से प्रचार करवा कर भरोसा जीतने की कोशिश की। कंपनी ने 'विडमेट इनफोटेक प्राइवेट लिमिटेड' के नाम से फर्जी रजिस्ट्रेशन कराया और सेबी एवं आरबीआई की फर्जी मंजूरी दिखाकर निवेशकों को झांसे में लिया।

**रायपुर में पहले भी हो चुकी है गिरफ्तारी :** जुलाई 2025 में रायपुर पुलिस और मुंबई पुलिस की संयुक्त टीम ने बेबीलोन होटल से मिस्टर मिंट के दो अन्य डायरेक्टर - प्रमोद साहू और राहुल भदोरिया - को गिरफ्तार किया था। ये गिरफ्तारी एक सेमिनार के दौरान हुई थी, जिसमें कंपनी के एजेंट नए निवेशकों को जोड़ने का प्रयास कर रहे थे।




## बरतुंगा खदान विस्फोट अधिकारियों पर अपराध दर्ज

-संवाददाता-
एमसीबी,07 अक्टूबर 2025 (घटती-घटना)।

एमसीबी जिले के बरतुंगा ओसीएम खदान में सोमवार, 6 अक्टूबर को हुए खतरनाक ब्लास्ट ने पूरे क्षेत्र को हिला कर रख दिया। बताया जा रहा है कि कृष्णा सुपर हाईटेक कंपनी और एसईसीएल के अधिकारियों ने सुरक्षा मानकों की अनदेखी करते हुए अत्यंत खतरनाक आयुधों से विस्फोट किया, जिससे वहां कार्यरत कई कर्मचारी घायल हो गए। मामले में कालरी प्रबंधक एवं कृष्णा सुपर हाईटेक कंपनी के अधिकारियों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज किया गया है। जानकारी के मुताबिक, विस्फोट के समय कृष्णा सुपर हाईटेक कंपनी के इंचार्ज शिवानंद और एसईसीएल के ब्लास्टिंग इंचार्ज रवि चक्रधारी मौके पर मौजूद थे। आरोप है कि उन्होंने बिना जरूरी सुरक्षा इंतजाम और मानक प्रक्रिया का पालन किए विस्फोट कराया, जिससे आसपास के मजदूरों, मशीनों और वाहनों को भारी नुकसान पहुंचा। गनीमत यह रही कि कोई बड़ी जनहानि नहीं हुई, लेकिन हादसा गंभीर लापरवाही को उजागर करता है। इस हादसे में एसईसीएल के कर्मचारी हसमत अली, मानसाय, शंकर, शिवकुमार, मानकुवर, हीरामनी, ओवरमैन मनोज कुमार, डिप्टी मैनेजर सहित कई अन्य मजदूर घायल हो गए। सभी को प्राथमिक उपचार के बाद रीजनल अस्पताल कुरासिया में भर्ती कराया गया है। मौके पर भारी अफरातफरी का माहौल बन गया था।

# एकतरफ मंत्री स्वयं मुख्यमंत्री के पास पहुंचकर अपने क्षेत्र की समस्या के समाधान का प्रयास कर रही हैं,वहीं पति मंच से उन्हीं समस्याओं के निराकरण की घोषणा कर रहे हैं?

## स्वयं मंत्री की बातों पर भरोसा करें या फिर उनके पति की बातों पर भरोसा करे...मंत्री के विधानसभा की जनता?

## मंत्री स्वयं नहीं मंत्री के पति ही पहुंच रहे हैं विभिन्न कार्यक्रमों में,क्या यही है भाजपा की सुशासन वाली सरकार,जहां मंत्री पति ही बन गए हैं मंत्री?



## दो महीने पहले टूटा पुल भाजपा और कांग्रेस के लिए बना राजनीतिक मुद्दा...निजात से कोसों दूर हैःग्रामीण

### भटगांव विधानसभा के लोगों के लिए लक्ष्मी राजवाड़े मंत्री हैं या फिर उनके पति ठाकुर प्रसाद?

-जिला प्रतिनिधि-
सूरजपुर,07 अक्टूबर 2025
(घटती-घटना)।

सुरजपुर जिले के भटगांव विधानसभा की विधायक साथ ही छत्तीसगढ़ कैबिनेट में महिला बाल विकास विभाग की मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े जहां एक तरफ प्रदेश के मुख्यमंत्री के पास पहुंचकर अपने विधानसभा क्षेत्र की समस्याओं के निराकरण की मांग कर रही हैं वहीं दूसरी तरफ उनके ही पति जो उनके प्रतिनिधि भी हैं क्षेत्र में वह उन्हीं समस्याओं के निराकरण की घोषणा कर रहे हैं और दावा कर रहे हैं मंच से ,कहा जाए तो वह मंत्री की जगह खुद को ही मान रहे हैं और क्षेत्र में वह हर जगह मंत्री की जगह पहुंचकर मंच से उद्बोधन दे रहे हैं घोषणा कर रहे हैं। महिला बाल विकास विभाग मंत्री के विधानसभा क्षेत्र की एक बड़ी समस्या गोबरी नदी पुल का टूट जाना अभी है और जिसे जल्द बनाए जाने की मांग सैकड़ों ग्राम के रहवासियों की है जो पुल टूट जाने के कारण बेवजह लंबी दूरी तय कर गंतव्य तक पहुंच पा रहे हैं और उसी पुल के जल्द निर्माण की मांग जहां मंत्री मुख्यमंत्री से कर रही हैं वहीं उनके पति उस पुल के जल्द निर्माण की घोषणा मंच से करते सुने देखे जा रहे हैं। अब इस संबंध में सवाल यह है कि भटगांव विधानसभा की जनता किसका भरोसा करे,मंत्री मुख्यमंत्री से मिलकर जो मांग कर रही हैं उस मांग के जल्द पूर्ण होने का वह भरोसा करें या फिर मंत्री पति साथ ही उनके प्रतिनिधि का भरोसा करें जो मंच से पुल निर्माण की वह भी जल्द निर्माण की घोषणा कर रहे हैं। मंत्री की मुख्यमंत्री से समस्याओं के निराकरण को लेकर की जा रही मुलाकात और मंत्री पति की समस्याओं के निराकरण की मंच से घोषणा के बीच विपक्षी दल कांग्रेस भी पुल टूटने और जल्द बनने के मामले में अब अपनी राजनीतिक रोटी सेंकने सामने आ चुका है और जो अब रपटा पुल निर्माण की बात कर रही है और जिसे जल्द से जल्द पूर्ण किए जाने का वह प्रयास जारी करने का दावा भी कर रही है,यहां अब राजनीति होती साफ साफ नजर आ रही है और यह कहीं न कहीं क्षेत्रीय विधायक और कैबिनेट मंत्री की एक राजनीतिक चूक है जो विपक्षी दल को एक मुद्दा देने का मामला बन चुका है।






### मंच से मंत्री पति इंद्रदेव को भी कर रहे याद,पुल इक्षाशक्ति से जल्द बनेगा कर रहे घोषणा

मंत्री भले पुल निर्माण के लिए मुख्यमंत्री से गुहार लगा रही हैं लेकिन मंत्री पति क्षेत्र में मंच से पुल को इक्षाशक्ति से निर्मित किए जाने की बात कर रहे हैं, मंत्री पति इंद्रदेव को भी याद कर रहे हैं और उनका कहना है कि इस वर्ष इंद्रदेव की कृपा ज्यादा है इसलिए पुल धराशाई हो गया और जो दोबारा बन रहा माध्यम था वह भी बह गया लेकिन फिर भी पुल जो जीवनधारा है क्षेत्र के लिए वह जल्द बनेगा ऐसा उनकी घोषणा है,वैसे यही घोषणा मंत्री मंच से नहीं कर रही हैं यह घोषणा उनके प्रतिनिधि पति कर रहे हैं। अब घोषणा क्या मंत्री की ही तरफ से है और समय आभाव के कारण उन्होंने घोषणा करने के लिए पति को स्वतंत्र कर रखा है यह सवाल जरूर खड़ा होता है। वैसे मंत्री पति की घोषणाएं कब तक अमली जामा पहनेगी यह तो अभी नहीं कहा जा सकता लेकिन वह घोषणा करने से पीछे नहीं हट रहे हैं और न ही वह विपक्ष को कोसने का ही काम करने से खुद को रोक पा रहे हैं जो पुल निर्माण के लिए अब आगे आ चुकी है।

### मंत्री क्षेत्र में नहीं पहुंच पा रही हैं अधिकांश कार्यक्रमों में,मंत्री पति मंत्री की जगह कर रहे घोषणा,क्या यही है सुशासन वाली सरकार का नया तरीका

भटगांव विधानसभा की विधायक कैबिनेट मंत्री भी हैं,मंत्री बनने के बाद से ही यह लगातार देखने को मिल रहा है कि वह क्षेत्र में कम ही कार्यक्रमों में पहुंच पा रही हैं ज्यादातर कार्यक्रमों में उनके प्रतिनिधि पति ही मंच पर उनकी जगह विराजमान हो रहे हैं घोषणाएं भी वही कर रहे हैं,हाल ही में कुदरगढ़ में भी रोपवे निर्माण के शुभारम्भ अवसर पर मंत्री के बिना ही शुभारंभ भूमिपूजन कार्यक्रम का हुआ जो मंत्री के देर तक नहीं पहुंच पाने के कारण हुआ,हर जगह क्षेत्र में मंत्री पति की ही मंत्री के कार्यों में दखल है और यह खुद को मंत्री की ही तरह पेश भी कर रहे हैं,अब ऐसे में सवाल यह उठता है कि क्या मंत्री पति ही मंत्री की जगह अधिकृत हैं,और यदि ऐसा है तो क्या यही है सुशासन और सुशासन वाली सरकार का नया अंदाज जहां मंत्री के बिना ही घोषणाएं जारी है,यदि ऐसा ही चलता रहा मंत्री को छोड़ जनता उनके पति को ही मंत्री का दर्जा दे देगी और मंत्री अप्रासंगिक हो जाएंगी।

### सुरक्षित सफर के लिए सूरजपुर पुलिस का अभियान

## पिछले 2 माह में शराब पीकर वाहन चलाने वाले 520 वाहन चालकों पर हुई सख्त कार्यवाही

-संवाददाता-
सूरजपुर,07 अक्टूबर 2025
(घटती-घटना)।



जिले की पुलिस ने 520 वाहन चालकों को शराब पीकर वाहन चलाते पकड़ा है। पुलिस की जागरूकता अभियान, नियम तोड़ने वालों पर सख्ती बरती जा रही है। डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर के निर्देश पर जिले की पुलिस ने ड्रंक एंड ड्राइव के खिलाफ स्पेशल ड्राईव चलाया। पिछले 2 माह अगस्त व सितम्बर 2025 के दौरान थाना-चौकी व यातायात की टीमों ने कई स्थानों पर प्रभावी चेकिंग प्वाईट लगाकर करीब 15 हजार से अधिक वाहन चालकों की ब्रेथ एनालाइजर से जांच की। जांच में नशे का सेवन कर वाहन चलाने वाले 520 चालकों को पकड़ा गया और उनका डॉक्टरी मुलाहिजा कराकर माननीय न्यायालय में इस्तगाशा पेश किया गया जहां से 55 लाख रूपये का चालान हुआ है। पुलिस इन चालकों के ड्राईविंग लायसेंस को निलंबित करने के लिए आरटीओ को प्रतिवेदन भी भेज दिया है। पुलिस की यह कार्रवाई सड़क सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए की गई। मंगलवार को यातायात प्रभारी बृजकिशोर पाण्डेय ने बिना परमिट के बस चालन पर एक बस के विरूद्ध एमव्ही एक्ट की धारा 66/192 के तहत कार्यवाही कर इस्तगाशा न्यायालय में पेश किया है। सूरजपुर पुलिस ने वाहन चालकों से अपील किया है कि यातायात नियमों का पालन करें, शराब का सेवन कर वाहन न चलाए, वाहन चलाते समय मोबाईल का उपयोग न करें, अपने नाबालिक बच्चों को कभी भी वाहन न दे जब-तक वे 18 वर्ष के न हो जाये व परिवहन विभाग से वाहन चलाने का वैध लायसेंस न बना ले। दोपहिया में तीन सवारी न चले, बिना हेलमेट बाईक न चलाए, बिना सीट बेल्ट चार पहिया वाहन न चलाए, दुर्घटना से देर भली-जीवन अनमोल है। यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करने व चेकिंग अभियान में जिले के सभी थाना-चौकी व यातायात पुलिस मजबूती के साथ लगी हुई है।

## बच्चा चोरी के अफवह से जिला अस्पताल में मचा हड़कंप





शमरोज खान
सूरजपुर,07 अक्टूबर 2025
(घटती-घटना)।

सूरजपुर जिला अस्पताल में उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक महिला पर बच्चा चोरी का आरोप लगा,जिसके बाद मानसिक विक्षिप्त महिला ने जमकर हंगामा किया, स्थिति बिगड़ते देख अस्पताल के सुरक्षा कर्मियों ने महिला को पुलिस के हवाले कर दिया,,हालाकि के पति के आने के बाद बच्चा चोरी जैसा गंभीर मामला महज गलत फहमी निकला, दरअसल पूरा मामला सूरजपुर के मातृत्व एवं शिशु हॉस्पिटल का है,दरअसल अनिल राजवाड़े की पत्नी ने 27 सितंबर को एक स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया था,, आज उन्हें अस्पताल से छुट्टी मिलनी थी,,छुट्टी की औपचारिकताओं के दौरान अनिल अपने कागजात तैयार करा रहे थे, तभी ये चौंकाने वाली घटना हुई,,इसी दौरान पुष्पा दास नाम की महिला अपने पति नवल दास के साथ अपने तीन महीने की बच्ची को सर्दी-खांसी की शिकायत के चलते दिखाने अस्पताल पहुंची थी,,बताया जा रहा है कि पुष्पा मानसिक रूप से अस्वस्थ है,, अस्पताल पहुंचने पर उसका पति उसे नीचे छोड़कर बच्ची को डॉक्टर को दिखाने अंदर चला गया,,इधर, जैसे ही पुष्पा की नजर नवजात के साथ खड़े अनिल राजवाड़े पर पड़ी, वो अचानक दौड़कर उनके पास पहुंची और बच्चे को अपना कहते हुए गोद में लेने की ज़िद करने लगी, और छीना झपटी कर उसने बच्चे को छीनने की कोशिश की,, जिससे अफरा-तफरी मच गई अस्पताल परिसर में मौजूद अन्य मरीज और परिजन घबरा गए, सुरक्षाकर्मियों ने तुरंत हरकत में आते हुए महिला को काबू में लिया और पुलिस सहायता केंद्र को सौंप दिया,,इस बीच जब पुष्पा का पति अस्पताल से लौटा और अपनी बच्ची के साथ पुलिस चौकी पहुंचा, तब जाकर पूरा मामला स्पष्ट हुआ,,पति ने बताया कि उसकी पत्नी मानसिक रूप से बीमार है और इलाजरत है,,उसने अपने ही बच्चे की ग़लत पहचान करते हुए यह हरकत की,,हालांकि, बच्चा चोरी की आशंका से पूरे अस्पताल और पुलिस महकमे में कुछ समय के लिए हड़कंप मच गया था,,पुलिस ने भी मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई की बाद में जब असलियत सामने आई, तो अधिकारियों और पीड़ित परिजन दोनों ने राहत की सांस ली,, बहरहाल यह मामला भले ही गलतफहमी का निकला, लेकिन इससे यह साफ है कि अस्पतालों में सुरक्षा और सतर्कता कितनी ज़रूरी है।

### गांजा बेचने वाले व्यक्ति के विरूद्ध थाना भटगांव पुलिस की सख्त कार्यवाही

## 1 लाख 50 हजार रूपये कीमत का गांजा जप्त



-संवाददाता-
सूरजपुर,07 अक्टूबर 2025
(घटती-घटना)।

डीआईजी व एसएसपी श्री प्रशांत कुमार ठाकुर के सख्त निर्देश पर थाना-चौकी की पुलिस के द्वारा लगातार अवैध कारोबार, सूखा नशा एवं मादक पदार्थ के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है। इसी परिप्रेक्ष्य में दिनांक 06.10.2025 को थाना भटगांव पुलिस को मुखबीर ने सूचना दिया कि अनीश गुप्ता निवासी बंशीपुर अपने घर-आंगन में मादक पदार्थ गांजा बिक्री हेतु छिपा कर रखा है। थाना भटगांव पुलिस ने सूचना की तस्दीक व कार्यवाही हेतु फौरन मौके पर पहुंची जहां अनीश गुप्ता पिता कपिल प्रसाद उम्र 39 वर्ष को दबिश देकर पकड़ा जिसके आंगन के कोने में जमीन के नीचे 2 डिब्बा में छुपाकर रखे 4 किलो 180 ग्राम गांजा जप्त किया गया जिसकी कीमत करीब 1 लाख 50 हजार रूपये है। मामले में गांजा जप्त कर धारा 20बी, 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी भटगांव सरफराज फिरदौसी, एएसआई नंदलाल सिंह, आरक्षक दिनेश ठाकुर, रजनीश पटेल, विनोद सिंह, महिला सैनिक सुशीला यादव सक्रिय रहे।

## छत्तीसगढ़ के कोरिया जिले ने एक बार फिर नवाचार की मिसाल पेश की

-संवाददाता-
कोरिया,07 अक्टूबर 2025
(घटती-घटना)।



छत्तीसगढ़ के कोरिया जिले ने एक बार फिर नवाचार की मिसाल पेश की है। कृषि विज्ञान केंद्र और जिला प्रशासन के संयुक्त प्रयास से तैयार किया गया पीनट बटर-हनी फ्लेवर्ड उत्पाद आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष,बैकुंठपुर में राज्यपाल श्री रमेन डेका के करकमलों से विमोचित हुआ। राज्यपाल श्री डेका ने उत्पाद की गुणवत्ता, स्वाद और पैकेजिंग की सराहना करते हुए कहा कि यह उत्पाद कोरिया जिले की सृजनात्मक सोच और कृषि नवाचार का उत्कृष्ट उदाहरण है। शक्कर की जगह शहद का उपयोग इस पीनट बटर को और भी पौष्टिक व स्वास्थ्यवर्धक बनाता है। कोरिया जैसे सुदूर अंचल से इस तरह की पहल का आरंभ सचमुच सराहनीय है। राज्यपाल ने याद किया कि अपने पिछले कोरिया प्रवास के दौरान उन्होंने श्सोनहनीश् शहद उत्पाद का भी शुभारंभ किया था। उन्होंने कहा कि यह दूसरा उत्पाद श्सोनहनीश् की तरह ही किसानों के आत्मनिर्भर बनने की दिशा में बड़ा कदम है। राज्यपाल ने कहा कि इस पहल से किसानों को बेहतर बाजार मूल्य मिलेगा और स्थानीय स्तर पर प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना से रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। राज्यपाल श्री रमेन डेका ने कहा कि प्रोटीन वर्ल्ड की इस दुनिया में कोरिया का 'पीनट बटर' एक नायाब शुरुआत है। यह उत्पाद न केवल स्वास्थ्य के लिए उपयोगी है, बल्कि 'वोकल फॉर लोकल' की भावना को भी सशक्त करता है।

### कलेक्टर का अभिनव प्रयास कृषि से उद्यमिता की ओर

कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ग्रामीणों, किसानों की आर्थिक, सामाजिक स्थिति को मजबूत करने के लिए अनेक ठोस कदम उठाएं हैं। उन्होंने बताया कि इसी को ध्यान में रखते हुए पीनट बटर हनी फ्लेवर्ड का निर्माण कृषि विज्ञान केंद्र, कोरिया के तकनीकी सहयोग से किया गया है। इसका उद्देश्य किसानों को वैल्यू एडिशन के माध्यम से अधिक आमदनी दिलाना और स्थानीय संसाधनों से स्वदेशी स्वास्थ्यवर्धक उत्पाद तैयार करना है।

### कोरिया की मिट्टी में मेहनत और नवाचार

श्रीमती त्रिपाठी ने कहा कोरिया की मिट्टी में मेहनत और नवाचार दोनों हैं। अब किसान केवल उत्पादन तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि प्रसंस्करण और विपणन के माध्यम से भी आत्मनिर्भर बनेंगे।

### स्वास्थ्य और स्वाद का संगम



कृषि विज्ञान केन्द्र,बैकुंठपुर के वैज्ञानिक श्री कमलेश सिंह ने बताया कि यह पिन्ट्स बटर शत् प्रतिशत प्राकृतिक मूंगफली और शुद्ध शहद से तैयार किया गया है। इसमें कोई कृत्रिम रंग, फ्लेवर या प्रिज़र्वेटिव नहीं मिलाया गया है। 125 ग्राम की आकर्षक पैकिंग में उपलब्ध यह उत्पाद पूरी तरह स्वदेशी और स्वास्थ्यवर्धक है। उन्होंने पोषण सम्बन्धी मानक के बारे में बताया कि प्रति 100 ग्राम में करीब 600 किलो कैलोरी, 22-25 ग्राम प्रोटीन, 30-35 ग्राम कार्बोहाइड्रेट, 18-20 ग्राम प्राकृतिक शर्करा, 45-50 ग्राम हेल्दी फैट, 3-4 ग्राम फाइबर तथा कैल्शियम, आयरन और विटामिन ई से भरपूर है। कमलेश सिंह ने बताया कि जिले में पिछले वर्ष लगभग 933 हेक्टेयर में मूंगफली की फसल बोई गई थी,जबकि इस वर्ष यह क्षेत्रफल बढ़कर 1500 हेक्टेयर से अधिक हो गया है,जिसमें करीब 4000 किसानों ने भागीदारी की है। उन्होंने यह भी बताया कि जिले के 120 किसानों को 60 हेक्टेयर के उन्नत किस्म के मूंगफली बीज दिए हैं। प्रोटीन और हेल्दी फैट मसल ग्रोथ व रिकवरी में सहायक है खासकर फिटनेस प्रेमी एवं बॉडीबिल्डर के लिए। कुपोषण से ग्रसित बच्चे एवं महिलाएँ के लिए। यह उत्पाद ऊर्जा और पोषण का उत्कृष्ट स्रोत है । वृद्धजन के लिए विटामिन ई और अच्छे फैट से हृदय एवं हड्डियों की सेहत में लाभकारी है।



# विज्ञान से सजेगी कोरिया की नई पहचान

## कैप्टन शुभांशु शुक्ला स्पेस एजुकेशन लैब का हुआ शुभारंभ,राज्यपाल रमेन डेका ने किया लोकार्पण



### आज वह सपना साकार हुआ है...

'सुधांशु शुक्ला स्पेस लैब' के रूप में,जो छत्तीसगढ़ की बेटियों के लिए नए अवसरों का द्वार खोलती है। यह लैब केवल एक स्थान नहीं,बल्कि यह है जिज्ञासा,नवाचार और भविष्य की उड़ान का प्रतीक। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरणादायक नेतृत्व में, राज्यपाल रमेन डेका जी के सान्निध्य में,और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के विज़नरी मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ आज अंतरिक्ष की ओर कदम बढ़ा चुका है। छत्तीसगढ़ की बेटियाँ अब आसमान नहीं,बल्कि अंतरिक्ष को छूने की तैयारी में हैं। इस विजन को इस तरह भी आगे बढ़ाने का प्रयास है जिसके लिए एक पंक्ति भी समर्पित की गई है। छत्तीसगढ़...अब उड़ान भरेगा अंतरिक्ष की ओर।

### राज्यपाल ने की सराहना,विद्यार्थियों लिए बताया उपयोगी

अंतरिक्ष लैब लोकार्पण समारोह में पहुंचे प्रदेश के राज्यपाल ने इस लैब स्थापना की सराहना की और इसे विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी बतलाया, उन्होंने लैब की सराहना करते हुए कहा कि आज का युग विज्ञान का युग है,विज्ञान से होने वाले लाभ और उसके प्रभाव से कोई इंकार नहीं किया जा सकता,यह लैब अंतरिक्ष विज्ञान के साथ विज्ञान के अन्य विषय मामलों में भी विद्यार्थियों की मदद करेगा,जिला प्रशासन को उन्होंने इस पहल के लिए बधाई दी और लैब के लिए द्रोण,स्मार्ट बोर्ड एवं प्रोजेक्टर उपलब्ध कराने की सहमति भी प्रदान की।

## अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के नाम पर लैब का नामकरण



-संवाददाता-
कोरिया,07 अक्टूबर 2025 (घटती-घटना)।
छत्तीसगढ़ प्रदेश के महामहिम राज्यपाल रेमन डेका एक दिवसीय प्रवास पर कोरिया जिला पहुंचे जहां उन्होंने शासकीय विभागों की समीक्षा बैठक की और फिर वह गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले के लिए रवाना हो गए,शासकीय विभागों की समीक्षा बैठक से पहले राज्यपाल ने अंतरिक्ष लैब का लोकार्पण किया और उसे जिले के छात्रों को समर्पित किया,यह अंतरिक्ष लैब अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला के नाम से जिले में स्थापित किया गया जिसका उद्देश्य अंतरिक्ष,भूगोल,भौतिकी,और प्रौद्योगिकी के प्रति छात्र छात्राओं के भीतर रुचि बढ़ाना होगा, लैब जिला खनिज न्यास मद से स्थापित किया गया और यह जिले के लिए एक बड़ी उपलब्धि है ऐसा माना जा रहा है।

### शुभांशु शुक्ला अंतरिक्ष विज्ञान क्षेत्र का उगता सूरज

कोरिया जिले के कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में स्थापित शुभांशु शुक्ला अंतरिक्ष लैब अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला के नाम से जाना जाएगा,शुभांशु शुक्ला आधुनिक भारत की सैन्य वैज्ञानिक प्रतिभा और अंतरिक्ष महत्वाकांक्षा के प्रतीक माने जाते हैं,हाल ही में उन्होंने सफल अंतरिक्ष यात्रा कर पृथ्वी पर वापसी की है,उनकी यात्रा युवाओं को रक्षा,सेवा व विज्ञान तकनीक,अभियांत्रिकीय सहित गणित क्षेत्रों में अवसरों के लिए प्रेरित करती है।

### कोरिया जिले मेंअंतरिक्ष लैब स्थापना उद्देश्य व इसके लिए प्रेरणा साथ ही प्रयास

भारत आज प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के विज़न के साथ अंतरिक्ष की नई ऊँचाइयों को छू रहा है। अंतरिक्ष विज्ञान में भारत की उपलब्धियां पूरी दुनिया के लिए प्रेरणा बन चुकी हैं। उसी दिशा में आज छत्तीसगढ़ ने भी एक नया इतिहास रचा है। माननीय राज्यपाल श्री रमन डेका जी ने दिनांक 7 अक्टूबर को बैकुंठपुर के आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में राज्य की पहली 'शुभांशु शुक्ला स्पेस लैब' का शुभारंभ किया है। यह अनोखी पहल प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में शिक्षा और विज्ञान के संगम की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है। मुख्यमंत्री का सपना है कि छत्तीसगढ़ का हर छात्र और हर छात्रा आधुनिक तकनीक और नवाचार से जुड़े, और अपने सपनों को नई उड़ान दे।

### इस लैब में छात्राएँ अब स्वयं अनुभव करेंगी...

रॉकेट और सैटेलाइट के वर्किंग मॉडल्स, थ्रीडी प्रिंटिंग की तकनीक, ड्रोन संचालन, वर्चुअल रियलिटी की दुनिया,और खगोल विज्ञान के अद्भुत रहस्य। कोरिया जिले में स्पेस एजुकेशन की शुरुआत पहले ही हो चुकी थी, जब 500 से अधिक विद्यार्थियों ने मेघा स्काई वॉचिंग कैंप में भाग लेकर आसमान के रहस्यों को नज़दीक से महसूस किया था। उसी अनुभव ने यह विचार जन्म दिया कि बच्चों को प्रैक्टिकल स्पेस नॉलेज देने के लिए एक समर्पित स्पेस लैब होनी चाहिए।

## कोरबा के बाद अब मनेन्द्रगढ़ में खुलेगा मेडिकल कॉलेज : ज्योत्सना चरणदास महंत

### कोरबा सांसद ने जताया आभार



-संवाददाता-
कोरिया/कोरबा,07 अक्टूबर 2025 (घटती-घटना)।
लोकसभा के अंतर्गत आने वाले एमसीबी जिले के मनेन्द्रगढ़ में मेडिकल कॉलेज खोलने को केन्द्र सरकार ने मंजूरी दे दी है। इस पर 362.57 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए है। सांसद ज्योत्सना महंत ने कहा कि काफी लंबी लड़ाई के बाद मेडिकल कॉलेज का रास्ता साफ हुआ है। इसके निर्माण से कई लाख लोगों को स्वास्थ्य सुविधा मिल सकेगी। जबकि कोरबा में मेडिकल कॉलेज पहले ही स्वीकृत ही खुल चुका है। और आने वाले दिनों में जीपीएम जिला में भी मेडिकल कॉलेज खुले इसके लिए प्रयास जारी है। सांसद ने कहा कि मनेन्द्रगढ़ में मेडिकल कॉलेज खोलने के लिए लंबे समय से प्रयास किया जा रहा है। पूर्ववर्ती यूपीए सरकार के दौरान तत्कालीन प्रधानमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री से इस बारे में तब के सांसद डॉ. चरणदास महंत ने मांग की थी। इस हेतु कोल मंत्रालय ने राशि भी स्वीकृत कर दी। क्योंकि हम लोग चाहते थे कि मनेन्द्रगढ़ कोल क्षेत्र है और इसलिए मेडिकल कॉलेज खोलने में कोयला मंत्रालय की बड़ी भागीदारी सुनिश्चित हो इसके लिए कोयला मंत्रालय ने इसके लिए एक कदम आगे भी बढ़ाया। तब से लेकर अब तक इस बारे में प्रयास जारी रहे। पूर्व में प्रदेश में कांग्रेस की सरकार के दौरान मेडिकल कालेज के लिए भूमि के लिए अवलोकन भी क्षेत्रीय जन प्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ किया गया, सांसद ज्योत्सना महंत ने बताया कि इस विषय को लेकर एनडीए के स्वास्थ्य मंत्री रहे डॉ. हर्षवर्धन, स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा से मनेन्द्रगढ़ में मेडिकल कॉलेज खोलने का लगातार आग्रह किया गया। इसके अलावा कई बार पत्राचार भी किए गए व मुलाकात करने का अवसर भी मिला। अब भारत सरकार ने क्षेत्र वासियों की इस मांग को व्यापक जनहित में स्वीकृत किया है। सांसद ज्योत्सना महंत ने स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए इस बड़े काम को मंजूर करने पर प्रदेश और केन्द्र सरकार का धन्यवाद ज्ञापित किया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि विकास मेरी पहली प्राथमिकता है और इस मामले में दलगत राजनीति का कोई स्थान नहीं है और न ही होना चाहिए। सांसद ने कहा कि लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिले में भी मेडिकल कॉलेज स्थापित हो, यह प्रयास होगा।

## कलेक्टर जनदर्शन में 20 आवेदन हुए प्राप्त

## अपर कलेक्टर ने आमजनों की सुनी समस्याएं,गंभीरतापूर्वक निराकरण के दिए निर्देश



-संवाददाता-
एमसीबी,07 अक्टूबर 2025 (घटती-घटना)।
कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशन में अपर कलेक्टर विनायक शर्मा ने आज कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनदर्शन के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याओं को सुना। जिले के ग्रामीण जन और नागरिकों ने जनदर्शन में अपनी छोटी-बड़ी समस्याओं को सीधे अपर कलेक्टर के समक्ष रखा। अपर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्रता से समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। आज की जनदर्शन में कुल 20 आवेदन प्राप्त हुए। इस जनदर्शन में आवेदक राजकुमारी निवासी कछौड़ पुस्तैनी जमीन के बटांकन की कार्यवाही किए जाने के संबंध में, भभूति निवासी झगराखाण्ड ऑटो वाहन चालक योजना देने के संबंध में, सुनिल तिर्की निवासी कछौड़ भूमि के संबंध में,जुकनी बाई निवासी बुलाकीटोला पति से अपना हिस्सा लेने के संबंध में,मानमती निवासी डोमनापारा हेंड पंप के संबंध में एवं अपूर्ण बाउड्रीवॉल को पूर्ण कराने के संबंध में और उचित मूल्य की दुकान से मध्यान्ह भोजन योजना का चावल वितरण के संबंध में, नारायण कुमार (भृत्य) को कार्यमुक्त कर पदस्थ संस्था में कार्यभार ग्रहण करने के संबंध में, टंकी पाइप मरम्मत के संबंध में, स्टाप डेम निर्माण के संबंध में, समस्त ग्रामवासी लालपुर भूमि के संबंध में,बसंतलाल निवासी दर्रीटोला भूमि के संबंध में,राहुल राय पीएम किसान सम्मान निधि योजना की राशि दिलाने के संबंध में,संजय कुमार गुप्ता निवासी मनेन्द्रगढ़ ऋण प्रदान न करने के संबंध में,हरिचरण भूमि के संबंध में,अजय निवासी चनवारीडांड परिवार को सहायता राशि दिलवाने के संबंध में,रूप नारायण निवासी खैरबना भूमि के संबंध में,रामसुन्दर निवासी मुसरा अनुदान राशि प्रदान किए जाने के संबंध में।


**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग,अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ0ग0)
(TENDER- FIRST CALL)
क्रं./1402/व.ले.लि./ग्रायांसेवा./2025-26 अम्बिकापुर,दिनांक - 01.10.2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑन लाईन (Online) निविदा दिनांक 15.10.2025 तक आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | ऑन लाईन निविदा क्र0 | कार्य का नाम | निविदा की अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 177007 | महतारी सदन भवन का निर्माण भूसू, ज0पं0 सीतापुर | 26.88 |
| 2 | 177008 | महतारी सदन भवन का निर्माण बतौली, ज0पं0 बतौली | 26.88 |

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से दिनांक 01.10.2025 से डाउनलोड की जा सकती है।

जी नंबर-252603960/4
(अविनाश मिंज )
कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग अम्बिकापुर



**नाम परिवर्तन सूचना**

लाल चन्द प्रजापति, पिता स्व. राम देव, उम्र लगभग 55 वर्ष, निवासी ग्राम राजापुर, डाकघर जयनगर,थाना जयनगर, तहसील सूरजपुर, जिला सूरजपुर (छत्तीसगढ़)। मैं निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक प्रस्तुत करता हूँ –
मैं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूँ तथा मेरा आधार कार्ड क्रमांक 5078 8135 3013 है। मेरे आधार कार्ड में त्रुटिवश मेरा नाम लालचन्द्र प्रजापति (LALCHANDRA PRAJAPATI) दर्ज है, जबकि मेरा वास्तविक नाम लाल चन्द प्रजापति (LAL CHAND PRA-JAPATI) है, जो सत्य एवं सही है।
मैं एस.ई.सी.एल. गायत्री खदान में केटेगरी-5 में एस.डी.एल. मशीन हेल्पर के पद पर कार्यरत हूँ, तथा मेरे सर्विस शीट में मेरा नाम लाल चन्द प्रजापति (LAL CHAND PRAJAPATI) अंकित है, जो कि सही एवं प्रमाणिक है।
अतः मैं अपने आधार कार्ड में अंकित नाम को सुधार कर लाल चन्द प्रजापति (LAL CHAND PRAJAPATI) करवाना चाहता हूँ। यह शपथ पत्र मैंने अपने सही और सत्य कथनों के आधार पर स्वेच्छा से प्रस्तुत किया है।

शपथकर्ता
लाल चन्द प्रजापति


## राज्यपाल रमेन डेका से भाजपा प्रतिनिधि मंडल ने किया भेंट



-संवाददाता-
बैकुंठपुर,07 अक्टूबर 2025 (घटती-घटना)।
आज छत्तीसगढ़ प्रदेश के राज्यपाल रमेन डेका के एक दिवसीय कोरिया प्रवास के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी के नेतृत्व मे प्रतिनिधि मंडल भेंट कर जिले के विभिन्न विकास कार्यों के लिए ज्ञापन सौंपा। जिसमे प्रमुख मांग शहर के मुख्य मार्ग को सड़क चौड़ीकरण सह डिवाइडर निर्माण, बैकुंठपुर मे एम्स अस्पताल एवं विधि महाविद्यालय खोले जाने हेतु मांग पत्र दिया गया। साथ जिले के विकास कार्यों के संबंध मे चर्चा किया गया। साथ ही भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी के नेतृत्व मे राज्यपाल रमेन डेका को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्णबिहारी जायसवाल, जिला मंत्री एवं चेम्बर ऑफ़ कॉमर्स के जिलाध्यक्ष शारदा गुप्ता, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी तीरथ राजवाड़े एवं मंडल अध्यक्ष अनिल खटिक मौजूद रहें।


**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार अम्बिकापुर-2 जिला सरगुजा.छ0ग0**

**ईश्तहार**

रा0प्र0क0अ-6/2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक गोविन्द राम आ. स्व. रामनाथ व अन्य, निवासी ग्राम भेलाईखुर्द, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ0ग0 द्वारा ग्राम भफौली स्थित भूमि कुल खसरा नंबर 15 कुल रकबा 1.8590 हे0 भूमि पर वर्तमान मृत खातेदार स्व. रामनाथ आ0 चरकू का नाम विलोपित कराते हुए उनके विधिक वारिशों के नाम पर फौती दर्ज कराने बावत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 24/10/2025 को न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा

आज दिनांक 01/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी ।

सील
अतिरिक्त तहसीलदार
अम्बिकापुर-2



**न्यायालय नायब तहसीलदार अम्बिकापुर-2 जिला-सरगुजा.छ0ग0**

**ईश्तहार**

राजस्व प्र0क्र0 20250 9029004/अ-6/2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मनोज आठ मारवाड़ी व अन्य, निवासी ग्राम परसा, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ0ग0 द्वारा ग्राम परसा स्थित भूमि खसरा नंबर 571, 574, 897, 898, 900, 1010, 1018, 1043, 1079 कुल खसरा नंबर 14 कुल रकबा 2.6540 हे0 भूमि पर वर्तमान मृत खातेदार बुसनी का नाम विलोपित कराते हुए उनके विधिक वारिशों के नाम पर फौती दर्ज कराने बावत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 16/10/2025 को न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा ।

आज दिनांक 23/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी ।

सील
नायब तहसीलदार
अम्बिकापुर-2



**न्यायालय नायब तहसीलदार अम्बिकापुर-2 जिला-सरगुजा.छ0ग0**

**ईश्तहार**

रा0प्र0क0ब-121/2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका रेशमा टोप्पो आ0 स्व0 सिप्रियानुस मिंज, व अन्य 06 निवासी ग्राम नमनाकला, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा (छ0ग0) के द्वारा छ0ग0 भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 115 116 के अंतर्गत आवेदन श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी (रा0 ) अम्बिकापुर के समक्ष प्रस्तुत कर बताया गया है कि आवेदिकागण के स्वामित्व एवं आधिपत्य की ग्राम रनपुरखुर्द स्थित भूमि खसरा नंबर 461 रकबा 0.107 हे भूमि त्रुटिवश अनावेदक हीरालाल आ0 भोपाल राम, व अन्य 04 के नाम पर दर्ज हो गया है। जबकि उक्त भूमि आवेदिकागण के स्वामित्व की भूमि है। आवेदिकागण द्वारा उक्त भूमि के राजस्व अभिलेखों से अनावेदकगण का नाम विलोपित कर आवेदिकागण का नाम दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है जो जांच व प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।
उक्त संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 24/10/2025 को न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा ।

आज दिनांक 29/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन पदमुद्रा से जारी ।

सील
नायब तहसीलदार
अम्बिकापुर-2

# महाविद्यालय की जमीन पर एक तरफ पुलिस अधीक्षक कार्यालय का हुआ कब्जा...दूसरी तरफ पंडाल बनाकर हो रहा कब्जा...

## क्या कोई नहीं है रोकने वाला ?

**महाविद्यालय के प्राचार्य को सिर्फ अपनी तनख्वाह से मतलब,जमीन कौन से उनके पूर्वजों की है इसलिए हैं मौन ?**

**एक दो डिसमिल नहीं लगभग 20 डिसमिल जमीन पर पंडाल बनाकर कब्जा करने का प्रयास जारी है...राजस्व विभाग कुंभकर्णी निद्रा में...**

**पूर्व प्राचार्य अपने पूर्वजों की जमीन समझ कर दे दिए जमीन पंडाल के लिए दान,और वर्तमान प्राचार्य को पता नहीं की कितने जमीन पर बन रहा है पंडाल ?**

**तलवापारा ग्राम पंचायत को कितनी चाहिए थी जमीन उसका नहीं किया उल्लेख लेकिन अनापत्ति मिलने के बाद मनमर्जी से हो रहा निर्माण,लगभग 20 डिसमिल जमीन पर कब्जा होने का अनुमान**





-न्यूज डेस्क-

बैकुंठपुर,07 अक्टूबर 2025 (घटती-घटना)। इतना लाचार विभाग शायद कोई नहीं देखा होगा जितना लाचार विभाग राजस्व विभाग है, और उतना ही लाचार कोरिया जिले का अग्रणी महाविद्यालय रामानुज प्रताप सिंहदेव शासकीय महाविद्यालय है, जहां एक तरफ उनकी जमीन पर बिना उनकी अनापत्ति पुलिस अधीक्षक कार्यालय का कब्जा हो गया तो वहीं दूसरे कोने में महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य ने एक पंडाल बनवाकर कब्जा करवा दिया,यह मामला ग्राम पंचायत तलवापारा का है जहां पर एक दुर्गा पूजा पंडाल बनाने के लिए शासकीय महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य से 2024 के अंत में उनके सेवानिवृत होने से पहले उनकी जमीन पर पंडाल बनाने की अनुमति मांगी गई और प्राचार्य ने भी अपने पूर्वजों की जमीन समझ कर अनुमति दे दी और पंडाल बनने लगा, वहीं सवाल यह उठता है कि पंडाल जहां दो डिसमिल जमीन पर बन जाते हैं वहां पर शासकीय महाविद्यालय की 20 डिसमिल जमीन पर कब्जा क्यों किया जा रहा है? पंडाल का निर्माण लगभग 20 डिसमिल जमीन पर होने की बात सामने आ रही है, पर क्या राजस्व विभाग के लोग आते जाते इस अन्याय को नहीं देख पा रहे और क्या वर्तमान प्राचार्य सिर्फ वहां पर प्राचार्य तनख्वाह लेने के लिए बने हुए हैं या फिर उस महाविद्यालय का भविष्य भी वह सोचेंगे?


संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन
घटती घटना
सूरजपुर-कोरबा-सरगुजा-समाचार
अम्बिकापुर,बुधवार 01 अक्टूबर 2025
6
कौन कहता है कि खसरा नंबर 288 पर महाविद्यालय नहीं है.
2017 का नजरी नक्शा कहता है कि 288 खसरा नंबर महाविद्यालय का ही है
जब 2017 में यह तय हो गया था कि 288 खसरा नंबर पर महाविद्यालय स्थित है फिर 288 खसरा नंबर को कैसे पुलिस अधीक्षक कार्यालय के लिए आवंटित किया गया?
क्या छत्तीसगढ़ में राजस्व विभाग नौसिखियों के भरोसे चल रहा है?
2017 का नजरी नक्शा आया सामने जिसमें खसरा नंबर 288 में महाविद्यालय व 289 में महाविद्यालय का खेल मैदान है, शिक्षा विभाग का कार्यालय कहीं नहीं है...
महाविद्यालय की जमीन पर हो रहा कब्जा और प्राचार्य घोर निद्रा में लीन हैं?
महाविद्यालय के खसरा क्रमांक 288 और 289 में कब्जा है किसी और का आखिर यह जमीन कैसे मिलेगी महाविद्यालय को?
46 साल के महाविद्यालय की जमीन की सीमा कहां तक है यह बात क्या वहां के प्राचार्य को नहीं पता?

### क्या 20 डिसमिल जमीन पर बन रहा है पंडाल क्या इतनी जमीन का भू-भाटक पंचायत ने पटाया ?

बैकुंठपुर के अग्रणी महाविद्यालय के पूर्व प्रभारी प्राचार्य से अनापत्ति प्राप्त कर महाविद्यालय की 20 डिसमिल जमीन पर पंडाल निर्माण का कार्य जारी है,यह अनापत्ति ग्राम पंचायत तलवापारा ने प्राप्त की है,अब सवाल यहां यह भी खड़ा हो रहा है कि केवल अनापत्ति मात्र प्राप्त की गई या फिर 20 डिसमिल जमीन का भू भाटक भी शासन को पंचायत द्वारा चुकाया गया,शासकीय जमीन पर निर्माण के लिए अनुमति और भू भाटक पटाए जाने का नियम है।

### क्या पंडाल के नाम पर जमीन पर कब्जा करने का है प्रयास ?

शासकीय महाविद्यालय की 20 डिसमिल जमीन पर पंडाल निर्माण का कार्य जारी है,यह जमीन ग्राम पंचायत ने महाविद्यालय से अनापत्ति प्राप्त कर पाई है,अब इस मामले में एक सवाल यह भी है कि क्या पंडाल के नाम पर जमीन पर कब्जा करने का यह प्रयास है,क्या यह 20 डिसमिल जमीन कुछ जमीन पंडाल के लिए शेष व्यक्तिगत उपयोग के लिए उपयोग की जाएगी,सवाल इसलिए भी क्योंकि जमीन बेशकीमती है और इस जमीन से लगा मुख्य मार्ग भी है,इस जमीन पर कब्जे को लेकर विवाद न हो इसलिए इसपर कहीं पंडाल बनाकर इसे धार्मिक रूप देने का तो प्रयास नहीं है,जिला प्रशासन आखिर क्यों इस मामले में आंखें मूंदे बैठा है जबकि वह कब्जा हटाओ अभियान के तहत जिले में शासकीय भूमि से कब्जा हटाने का दावा कर रहा है।

### शासन के पैसे से दो डेसिमल से अधिक जमीन पर आज तक नहीं बना पंडाल

महाविद्यालय की जमीन पर जो पंडाल बनाया जा रहा है उसके लिए महाविद्यालय की 20 डिसमिल जमीन महाविद्यालय से अनापत्ति प्राप्त कर हासिल की गई है,यह जमीन मुख्य मार्ग के बगल की जमीन है,वैसे किसी भी धार्मिक पंडाल के निर्माण में हमेशा यह देखा गया है कि वह शासन से प्राप्त अनुदानों से बनाया जाता है और अब तक के जितने निर्माण पंडाल मामले के देखे जाएं कहीं 2 डिसमिल जमीन से अधिक पर पंडाल का निर्माण नहीं पाया जाएगा।यदि शासन 2 ही डिसमिल के लिए अनुदान प्रदान करती है तो फिर 20 डिसमिल जमीन पर कब्जा क्यों किया जा रहा है यह बड़ा सवाल है।

### क्या भाजपा सरकार में जनप्रतिनिधियों व प्रशासन दोनों की आंखों में बंधी पट्टी, दोनों बने धृतराष्ट्र?-

वैसे जिस तरह महाविद्यालय परिसर की जमीन बांटी गई एक प्रश्न यह भी खड़ा होता है कि क्या भाजपा सरकार के कार्यकाल में सरकार और प्रशासन दोनों के आंखों में पट्टी बंधी हुई है और दोनों धृतराष्ट्र बने हुए हैं।

### क्या महाविद्यालय में ताला बंद करके उसकी जमीन किसी व्यापारी को दे देनी चाहिए ?

कोरिया जिले के अग्रणी महाविद्यालय और कन्या महाविद्यालय के पास की शासकीय जमीनें जो महाविद्यालय परिसर की जमीनें हैं या महाविद्यालय या अन्य शैक्षणिक गतिविधियों के लिए उपयोगी साबित हो सकती हैं को लगातार टुकड़ों में बांटा जा रहा है,अभी पुलिस अधीक्षक कार्यालय के लिए कभी स्वास्थ्य विभाग के लिए कभी पंडाल निर्माण के लिए,जमीन आबंटन के लिए महाविद्यालय और उसके विस्तार को ध्यान में नहीं रखा जा रहा है और अन्य विषय ध्यान में रखे जा रहे हैं,अब यदि प्रशासन को महाविद्यालय के विस्तार से कोई लेना-देना नहीं है और जमीन ऐसे ही बंदरबांट करनी है तो क्यों नहीं प्रशासन महाविद्यालय की जमीन किसी व्यापारी को देकर राजस्व में वृद्धि कर ले रही है वहीं महाविद्यालय में तालाबंदी कर ले रही है,यह विषय इसलिए क्योंकि शासकीय जमीन का जिस तरह बंदरबाट महाविद्यालय परिसर क्षेत्र में लगातार देखने को मिला वह यही सवाल खड़े करती है।




# मध्यप्रदेश से लाया गया 25 पेटी गोवा अंग्रेजी शराब जप्त

-संवाददाता-

खड़गवां,07 अक्टूबर 2025 (घटती-घटना)। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान के तहत पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज दीपक कुमार झा एवं पुलिस अधीक्षक चंद्रमोहन सिंह के द्वारा नशा के विरुद्ध सख्त कार्यवाही किए जाने एवं नशा विरोधी अभियान चलाए जाने के लिए निर्देशित करने पर नगर पुलिस अधीक्षक चिरमिरी दीपिका मिंज के मार्ग दर्शन में दरमियानी रात को मुखबिर से प्राप्त सूचना से एक भूरे रंग की मारूति सियाज कार में तीन व्यक्ति अंग्रेजी शराब गोवा रखकर डोला रामनगर से देवाडाड की ओर बिक्री एवं परिवहन करने जा रहे हैं प्राप्त सूचना को वरिष्ठ अधिकारियों को जानकारी कराकर उनके दिशा निर्देश पर थाना प्रभारी उप निरीक्षक विजय सिंह के नेतृत्व में टीम गठित कर प्रधान आरक्षक जितेन्द्र मिश्रा प्रधान आरक्षक रमेश पांडे आरक्षक दिनेश साहू मोहम्मद आजाद गणेश निर्भय नारायण सिंह ने शासकीय वाहन सीजी 03 1234 में रेड कार्यवाही हेतु मौके पर उपस्थित गवाह निर्मल सिंह एवं पुरुषोत्तम सिंह साथ लेकर मुखबीर की सूचना पंचनामा तैयार कर रवाना किया जाकर ग्राम देवाडाड तिराहे पर घेराबंदी किया गया जो कुछ समय बाद एक मारुति जो नाम पता पूछने पर अपना नाम सुमित पनिका और दीपक पिता स्वर्गीय बाबूलाल पनिका उम्र 25 वर्ष साकिन सी सेक्टर कच्ची दफाई राज नगर वार्ड नंबर 15 थाना रामनगर जिला अनूपपुर मध्य प्रदेश दूसरा व्यक्ति आनंद पुरी उर्फ़ वैभव पिता छोटे लाल पुरी उम्र 19 साल साकिन मनवारी वार्ड नंबर 6 6 केल्हारी थाना जिला एमसीबी का रहने वाला बताया तथा भागने वाला व्यक्ति का नाम कमलकांत मोगरे उर्फ़ पप्पू निवासी डोला रामनगर मध्य प्रदेश का रहने वाला बताएं जिससे मुखबीर की सूचना से अवगत होकर पूछताछ करने पर मारुति सियाज कार में अंग्रेजी गोवा व्हिस्की शराब रखकर बिक्री करना डोला मध्य प्रदेश से खड़गवां लाना बताएं जो संदेहीओ की कार मारुति सियाज के अंदर 25 पेटी गोवा अंग्रेजी शराब प्रत्येक पेटी में 50 50 पाव प्रत्येक पाव 180 एम एल 1250 पाव शराब 225 लीटर कीमत करीब 160000/- (एक लाख साठ हजार रूपए) का बरामद हुआ एवं पुरानी इस्तेमाल भूरे रंग की मारुति सियाज कर क्रमांक सीजी 04 एल एन 7120 को कीमत करीब 515000/- (पांच लाख पंद्रह हजार रुपए) का कुल कीमत 675000/- का मिला जिसे जप्त कर आरोपी गणों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है इस सारी कार्यवाही पर थाना प्रभारी खड़गवां विजय सिंह प्रधान आरक्षक जितेन्द्र मिश्रा रमेश पांडे दिनेश साहू मोहम्मद आजाद गणेश निर्भय नारायण सिंह का सराहनी योगदान रहा खड़गवां पुलिस ने दरमियानी रात शराब को पकड़ने में बड़ा जोखिम भरकर पकडा है मारूति चालक ने कार से टकर मारने कि कोशिश कि जिससे कार का अगला बाएं तरफ का हिस्सा पुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है पुलिस के जवानों ने कूद कर अपनी जान बचाई?

# धान की फसल पर संकट के बादल और आफत की बारिश

**लगातार बारिश से कोरिया जिले के किसान चिंतित,धान की फसल अच्छी थी पर बारिश ने कर दी खराब**

**लगातार बारिश हवा से फुट रहे धान हो गए खराब,लगातार बारिश से खूंटी के किसान चिंतित,धान की फसल पर संकट के बादल**

-राजन पाण्डेय-

कोरिया,07 अक्टूबर 2025 (घटती-घटना)। कोरिया जिले में लगातार हो रही भारी बारिश से धान की फसल पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। वही किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें दिखाई दे रही हैं। मानसून सीजन में किसानों के लिए बारिश का होना बेहद जरूरी होता है। लेकिन कहते हैं न कि जब किसी चीज की अति हो जाए तो वह परेशानी का सबब बन जाती है। जिले में बारिश को लेकर कुछ ऐसा ही हाल है. यहां बारिश थमने का नाम नहीं ले रही है जिसे लेकर अब किसानों की टेंशन बढ़ गई है कि कहीं उनकी चार महीने की मेहनत न डूब जाए,सोनहत क्षेत्र में अत्यधिक बारिश से कई किसानों की धान की फसल खराब हो रही है वही लगातार बादल और धूप न निकलने के कारण फसल में कीड़े लगने की आशंका भी बढ़ गई है, जिससे किसानों की मेहनत पर पानी फिर सकता है।

कोरिया जिले में धान की खेती ही प्रमुख कृषि कार्य है,जिससे अधिकांश लोग जीविकोपार्जन करते हैं। लेकिन इस वर्ष लगातार हो रही भारी बारिश किसानों के लिए चिंता का विषय बन गई है। दो-तीन वर्ष पहले कम वर्षा के कारण किसान परेशान थे,वहीं इस बार अत्यधिक बारिश ने उनकी चिंता फिर बढ़ा दी है। आम तौर पर अक्टूबर नवम्बर माह में फसल कटनी की शुरुआत हो जाती है,लेकिन इस बार खेतों में धान की फसल ठीक तरह से तैयार नहीं हो पाई है। किसानों का कहना है कि धान में फल लगने के समय ऐसी लगातार बारिश से फसल खराब होने,काले पड़ने या दाना न आने की संभावना बढ़ जाती है। हालांकि किसान कर भी क्या सकते हैं। बारिश का पानी धान उगा भी सकता है और अनाज बर्बाद भी कर सकता है। इसलिए किसानों के चेहरे पर आशा के साथ चिंता भी साफ झलक रही है। किसानों ने बताया कि धान की फसल ही उनकी आजीविका का मुख्य साधन है। तीन से चार महीनों तक वे खेतों में मेहनत करते हैं ताकि अच्छी पैदावार से घर का खर्च,त्योहार और अन्य जरूरतें पूरी हो सकें। लेकिन इस बार लगातार बादल छाए रहने और धूप न निकलने के कारण फसल में कीड़े लगने की आशंका बढ़ गई है। इससे पौष्टिक और भरे हुए दाने बनने की उम्मीद कम हो गई है,किसान कहते हैं कि अब वे केवल मौसम के सुधार की उम्मीद कर सकते हैं। अगर बारिश थम जाए तो फसल कुछ हद तक संभल सकती है,लेकिन फिलहाल लगातार बारिश ने न केवल खेती, बल्कि जनजीवन को भी अस्त-व्यस्त कर दिया है।







### अभी भी जारी है मानसूनी बारिश का दौर

सोनहत में में रविवार और मंगल को सुबह-सुबह हल्की धूप निकली थी लेकिन जिले के अलग-अलग इलाकों में बारिश हो रही थी, शाम तेज आंधी और गरज-चमक के साथ पुनः बरसात का दौर भी देखने को मिला। यही हालात पूरे संभाग व जिले का रहा,मानसूनी बारिश का दौर अभी भी जारी है,और अब यही बारिश किसानों की टेंशन बढ़ा रही है। क्योंकि अक्टूबर महीने में भी बारिश अपने लय में ही नजर आ रही है।

### सोयाबीन और दलहन तिलहन की फसल भी हो रही खराब

कुछ किसानों ने बताया की खरीफ सीजन में हमारे यहां थोड़ा सोयाबीन को नुकसान हुआ है, तिली,उड़द, मूंग और इन दलहनी फसलों को भी बारिश ने नुकसान पहुंचाया है। अरहर जहां निचले खेतों में है वहां चिंता वाली बात है, वहां थोड़ी बहुत गलन की समस्या देखी गई है। बात करें अगर धान की तो धान तो वैसे भी पानी को टॉयलेट कर लेता है,और यहां लोग धान के खेतों में पानी भरकर भी रखते हैं। लेकिन जब तेज हवा के साथ बारिश होती है तो उस समय नुकसान की संभावना ज्यादा होती है. इससे पॉलिनेशन डिस्टर्ब हो जाता है। लोकल भाषा में बोलें तो बदरा हो जाता है, कई बार धान गिर जाता है,ऐसे में कह सकते हैं कि अगर और बारिश होती है तो धान में समस्या आ सकती है।

### आलू की फसल हुई लेट जो लगाये उनमें सड़न

अत्यधिक बारिश होने से आलू की बुवाई में देर हो रही है वही कुछ किसानों ने आलू की बुवाई कर ली थी उनकी फसल सड़ने लगी है जिससे किसानों को दोहरा नुकसान हुआ है,जबकि ज्यादा बारिश के कारण सरसो की फसल भी पिछड़ने की संभावना जताई जा रही है।

### सब्जियों में कीड़े टमाटर को नुकसान

आलू के अलावा सब्जियों का उत्पादन करने वाले किसानों को भी नुकसान पहुचा है टमाटर की फसल खराब हो रही है वही भांटा और अन्य फसल में कीड़े लगने लगे हैं।

# जो हूं,अपने दम पर हूं और भाई शाहिद को भी इस पर नाज है,उनसे तुलना होने पर ऐतराज नहीं है : ईशान खट्टर

दुनिया भर के प्रतिष्ठित कान्स फिल्म फेस्टिवल से लेकर ऑस्कर की ऑफिशियल एंट्री तक अपने अभिनय की गूंज पहुंचाने वाले एक्टर ईशान खट्टर ने अपने करियर का आगाज भले सिनेमा के जीनियस कहलाने वाले अनुराग कश्यप सरीखे फिल्मकार के असिस्टेंट के रूप में किया हो,मगर उनकी मंजिल हमेशा से एक्टिंग ही थी। यही वजह है,चाहे वो माजिद मजीदी की बियॉन्ड द क्लाउड्स रही हो या फिर धड़क,ईशान ने अपना सिक्का जमाया। फिल्मों और वेब सीरीज में एक्टिव ईशान खट्टर अपनी ताजा-तरीन फिल्म होमबाउंड की ऑस्कर की आधिकारिक एंट्री को लेकर बेहद खुश हैं। वे चमकीली मुस्कराहट के साथ कहते हैं,मेरे लिए सबसे गर्व और खुशी की बात ये है कि सबसे अनमोल कहानी,जो कि जरूरी मुद्दों पर आधारित है,जो कि मेरे करियर की सबसे स्पेशल और अहम फिल्म है। वो फिल्म ऑस्कर की ऑफिशियल एंट्री के रूप में चुनी गई। मैं अगर इस फिल्म का हिस्सा न भी होता,तब भी यह फिल्म डिजर्विंग होती,तो मेरे लिए इसका हिस्सा बनना बहुत बड़ी बात है।



### ग्लोबल स्टेज पर प्यारा और अच्छा काम करना जरूरी है...

ईशान खट्टर की शुरुआती फिल्म बियॉन्ड द क्लाउड्स ईरानी फिल्मकार द्वारा निर्देशित थी, जिसे कई अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल्स में सराहना मिली थी। होमबाउंड की विश्व विख्यात ख्याति के साथ-साथ उन्होंने इंटरनैशनल वेब सीरीज में भी लोकप्रियता पाई। ग्लोबल स्टेज पर अपने अपने प्रतिनिधित्व के बारे में वे वे कहते हैं, मैं खुद को बहुत ही खुशकिस्मत मानता हूं। हॉलिवुड के इस शो में मेरी केंद्रीय भूमिका थी। जब मुझे इस शो के ऑडिशन का मौका मिला था, तब अपनी भूमिका को पढ़कर मैं भी बहुत खुश था, क्योंकि आम तौर पर हॉलिवुड में साउथ एशियन एक्टर्स को एक ही तरह की भूमिकाएं देकर टाइपकास्ट कर दिया जाता है साउथ एशियन एक्टर्स के प्रति एक आम नजरिया क्या होता है, मगर जब यह शो आया और इसमें मेरे किरदार को सराहना मिली, तब अहसास हुआ कि री प्रेजेंटेशन कितना जरूरी है। एक तरह से यह जिम्मेदारी भी है, तो मैं कोशिश करूंगा कि आगे जाकर ग्लोबल स्टेज पर अच्छा और प्यारा काम करूं।

### भाई शाहिद कपूर से तुलना किए जाने पर मुझे ऐतराज नहीं

फिल्मी परिवार से ताल्लुक रखने और शाहिद कपूर जैसे स्टार के भाई होने के नाते आरंभिक दिनों में ईशान को तुलना का शिकार होना पड़ता था। तो क्या अब विश्व पटल पर आने के बाद कंपेरिजन बंद हो गया है? इस सवाल पर वे कहते हैं, मैंने इस बात से कभी कोई ऐतराज नहीं किया है। वो मेरे बड़े भाई हैं और मुझसे 15 साल बड़े हैं, मैं उन्हें देख कर बड़ा हुआ हूं और मैंने उन्हीं से प्रेरणा ली है। मुझे इस बात से कोई आपत्ति नहीं कि हमारी तुलना होती है। वो तो होगी ही. मुझे अपनी सचाई पता है। मैं हमेशा से अपने बलबूते पर काम करना चाहता था। मैं बहुत खुशनसीब हूं, मुझे ऐसे मौके मिले, मैंने मेहनत की और आज मैं जो करना चाहता था, जहां होना चाहता था, अपने दम पर हूं। ये बात मैं सीना तान कर खुशी से कह सकता हूं, क्योंकि सबसे पहले इंसान वही होंगे, जो ये बात गर्व से कह सकेंगे।



### मैंने और विशाल ने अपनी असुरक्षाएं खोल कर रख दीं

होमबाउंड में ईशान की भूमिका मोहम्मद शोएब अली को देखने के बाद दर्शक स्वयं अपने भीतर टूट-फूट महसूस करने लगता है। अपने मानसिक हाल पर ईशान कहते हैं, कुछ फिल्में फिल्मों से बढ़कर होती हैं। निर्देशक नीरज घेवान ने पहले ही साफ कर दिया था कि हम ये रोल निभाएं नहीं बल्कि उसे जिएं। किरदार को जीने के लिए उसकी तह में जाना जरूरी था और इसके लिए ये समझना भी भी आवश्यक था कि हमारी जिंदगी में आइडेंटिटी का मोल क्या है? जातिगत भेदभाव क्या है? इस किरदार के लिए हमारा एंट्री पॉइंट जुबान थी। जुबान हमारा कल्चर होता है। हमने तीन महीने डायलेक पर काम किया। हमने बाराबंकी के लिए एक ट्रिप ली। हमने वहां गांव के लोगों से मिलकर उनके सुख-दुख जाने। इसमें दोनों दोस्तों शोएब और चंदन ( विशाल जेठवा) की दोस्ती केंद्र में है, तो हम एक -दूसरे के सामने वल्नरेबल बने, हमने अपनी असुरक्षाएं खोल कर रख दीं। वो रोल के लिए एक बड़ा हथियार साबित हुआ।



### अपनी डायवर्सिटी को खोना नहीं है...

फिल्म में ईशान खट्टर का किरदार शोएब जातिगत भेदभाव का शिकार होता है। असल जिंदगी में ईशान गंगा-जमुनी तहजीब से ताल्लुक रखते हैं (उनकी मां नीलिमा अजीम और पिता राजेश खट्टर) हैं, तो क्या कभी निजी जिंदगी में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से उन्होंने उस डिस्क्रिमिनेशन का सामना किया? इस पर ईशान कहते हैं, मेरे लिए गंगा-जमुनी तहजीब बहुत बड़ी चीज है। मैंने हमेशा इस बात पर बहुत गर्व किया है कि हम डायवर्सिटी से आते हैं। ये हमारे लिए बहुत खूबसूरत चीज है। हमें वो चीज खोनी नहीं चाहिए, क्योंकि वो हमारी ताकत है। शायद यही वजह थी कि मैं इस फिल्म से इतना कनेक्ट कर पाया और इस किरदार से इतना जुड़ पाया। किसी भी धर्म, जाति या तबके के व्यक्ति से हमदर्दी और उनको समझने की क्षमता रखना बहुत जरूरी चीज है।

## एक्सीडेंट से विजय देवरकोंडा के सिर में आई चोट

### कार की हुई थी जोरदार टक्कर,कहा- कार को टक्कर लगी,चोट आई, लेकिन हम ठीक हैं...



साउथ के पॉपुलर एक्टर विजय देवरकोंडा का हैदराबाद-बैंगलोर हाईवे में एक्सीडेंट हुआ है। उनकी कार की तेज रफ्तार बोलेरो से जोरदार टक्कर हुई थी, जिससे एक्टर के सिर पर चोट आई है। अब विजय ने खुद बताया है कि वो ठीक हैं और अस्पताल से लौट चुके हैं। हालांकि हादसे से उनके सिर पर चोट आई है, लेकिन फिक्र की कोई बात नहीं है।

**विजय देवरकोंडा ने एक्सीडेंट के बाद अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट से लिखा है :** ऑल इज वेल (सब ठीक है),कार को टक्कर लगी थी, लेकिन हम सब ठीक हैं। मैं गया और मैंने स्ट्रेंथ वर्कआउट भी की और अब मैं घर आ चुका हूं। मेरे सिर पर चोट आई है, लेकिन ऐसा नहीं है कि बिरयानी और अच्छी नींद इसे ठीक न कर सके। आप सभी को बड़ी सी झप्पी और प्यार। खबरों से खुद को परेशान न होने दें।

**परिवार के साथ भगवान के दर्शन करने गए थे :** 5 अक्टूबर यानी रविवार को विजय देवरकोंडा अपने परिवार के साथ भगवान श्री सत्य साईं बाबा के महा समाधि स्थल पर दर्शन करने पुट्टपर्थी पहुंचे थे। सोमवार को वो हैदराबाद के लिए रवाना हुए थे,लेकिन जोगुलंबा गडवाल जिले के उंडावल्ली इलाके में एक्टर की कार हादसे की चपेट में आ गई। विजय की कार आगे चल रही थी, तभी तेज रफ्तार बोलेरो ने उनकी कार को पीछे से टक्कर मार दी। बोलेरो का ड्राइवर रुकने की बजाय वहां से फरार हो गया।

## फिल्म 'कांतारा चैप्टर 1' ने दीपिका-रणवीर की फिल्म बाजीराव मस्तानी का तोड़ा रिकॉर्ड

अभिनेता ऋषभ शेट्टी की फिल्म कांतारा चैप्टर 1 बॉक्स ऑफिस पर हर दिन धमाल मचा रही है। आलम ये है कि फिल्म का जादू कारोबारी दिनों पर भी देखने को मिल रहा है। फिल्म को दर्शकों और फिल्म समीक्षकों की साकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है। 2 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई कांतारा चैप्टर 1 सोमवार की परीक्षा में भी पास हुई है। कमाई के ताजा आंकड़े सामने आ चुके हैं।

### कांतारा चैप्टर 1 ने 5 वें दिन कर भी दिखाया कमाल

सैकनिल्क के मुताबिक, फिल्म कांतारा चैप्टर 1 ने रिलीज के 5वें दिन बॉक्स ऑफिस पर कुल 30.50 करोड़ रुपये की कमाई कर डाली। इससे पहले फिल्म ने चौथे दिन 63 करोड़, तीसरे दिन 55 करोड़, दूसरे दिन 45.4 करोड़ और पहले दिन 61.85 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। कांतारा चैप्टर 1 का कुल कारोबार 255.75 करोड़ रुपये हो चुका है। अब ऋषभ की प्रीक्वल फिल्म 300 करोड़ रुपये के क्लब में प्रवेश करने की ओर बढ़ रही है।

### 10 साल पुरानी इस फिल्म का तोड़ा रिकॉर्ड

ऋषभ की प्रीक्वल फिल्म कांतारा चैप्टर 1 सिर्फ भारत में नहीं बल्कि दुनियाभर में भी दम दिखा रही है। इसने 5 दिनों में दुनियाभर में 362.75 करोड़ का कारोबार कर लिया है। इसके अलावा फिल्म ने 10 साल पहले रिलीज हुई रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण की फिल्म बाजीराव मस्तानी के दुनियाभर की कमाई में पीछे छोड़ दिया है, जो 355 करोड़ रुपये था। बता दें कि कांतारा चैप्टर 1 साल 2022 में आई कांतारा का प्रीक्वल है।





## भारत के खिलाफ सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलियन स्क्वॉड का ऐलान

### लाबुशेन वनडे टीम से बाहर,रेनशॉ को पहली बार शामिल किया गया

**नई दिल्ली,07 अक्टूबर 2025।** ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ होने वाली वनडे और टी-20 सीरीज के लिए अपनी टीम का ऐलान कर दिया है। स्टार बैटर मार्नस लाबुशेन को वनडे टीम से बाहर कर दिया गया है। मैट रेनशॉ को पहली बार टीम में शामिल किया गया है। इसके अलावा, मिचेल स्टार्क की वनडे क्रिकेट में वापसी हुई है, जो पिछले साल नवंबर के बाद पहली बार इस फॉर्मेट में खेलेंगे। टीम इंडिया इस महीने ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाएगी, जहां उसे तीन वनडे और पांच टी-20 मैचों की सीरीज खेलनी है। पहला वनडे 19 अक्टूबर को पर्थ में खेला जाएगा। ऑस्ट्रेलिया ने तीन वनडे और पहले दो टी-20 मुकाबलों के लिए टीम ऐलान किया है।

#### लाबुशेन का हालिया प्रदर्शन खराब रहा

मार्नस लाबुशेन को वनडे टीम से बाहर करने की सबसे बड़ी वजह उनका खराब प्रदर्शन रहा है। उन्होंने अपनी पिछली 10 पारियों में सिर्फ 138 रन बनाए हैं। इस दौरान उनका बेस्ट स्कोर 47 रन रहा है।

**ऑलराउंडर कॉनोली और ओवेन को मौका :** ऑलराउंडर कूपर कॉनोली ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ 5 विकेट लेकर प्रभावित किया था और ऑस्ट्रेलिया-ए के भारत दौरे पर भी अच्छा प्रदर्शन किया। उन्हें वनडे स्क्वॉड में बरकरार रखा गया है। मिचेल ओवेन, जो साउथ अफ्रीका सीरीज में कन्कशन के कारण नहीं खेल पाए थे, अब वनडे डेब्यू के लिए तैयार हैं। टी20 सीरीज के लिए पहले दो मैचों के लिए 14 सदस्यीय स्क्वॉड का ऐलान किया गया है। इसमें नाथन एलिस की वापसी हुई है,जो न्यूजीलैंड दौरे पर अपने पहले बच्चे के जन्म के कारण नहीं खेल पाए थे। सीन एबॉट को वनडे स्क्वॉड में जगह नहीं मिली,लेकिन वे टी20 स्क्वॉड में बने हुए हैं। चयनकर्ताओं के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने कहा कि टी-20 वर्ल्ड कप की तैयारी के लिए स्क्वॉड को एकजुट रखा गया है, लेकिन कुछ खिलाड़ियों को टेस्ट सीरीज की तैयारी के लिए शेफील्ड शील्ड में मौका दिया जाएगा। तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क की वनडे टीम में वापसी हुई है। वे पिछले साल नवंबर के बाद पहली बार वनडे खेलेंगे। विकेटकीपर एलेक्स केरी पहले मैच (पर्थ) में नहीं खेलेंगे क्योंकि वे अपने राज्य साउथ ऑस्ट्रेलिया के लिए शेफील्ड शील्ड मैच में खेलेंगे। उनकी जगह जोश इंग्लिस विकेटकीपिंग करेंगे, जो पिंडली की चोट से उबर चुके हैं। जोश इंग्लिस हाल ही में न्यूजीलैंड दौरे पर चोट के कारण नहीं खेल पाए थे। अब वे पूरी तरह फिट हैं और वनडे और टी-20 दोनों स्क्वॉड में शामिल हैं। ग्लेन मैक्सवेल टूटी हुई कलाई के कारण टी-20 सीरीज से बाहर रहेंगे। कैमरन ग्रीन वनडे टीम में शामिल हैं, लेकिन टी-20 नहीं खेलेंगे ताकि इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज की तैयारी के लिए शेफील्ड शील्ड में हिस्सा ले सकें।



#### मैट रेनशॉ की वनडे में एंट्री

रेनशॉ को लिस्ट-ए क्रिकेट में लगातार अच्छे प्रदर्शन का इनाम मिला है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया-ए की ओर से श्रीलंका के खिलाफ डार्विन में शतक जड़ा था। 50 ओवर फॉर्मेट में वे आमतौर पर नंबर 3 या 4 पर बल्लेबाजी करते हैं और नवंबर 2021 से उन्होंने 48.68 की औसत से रन बनाए हैं,जिसमें 6 शतक शामिल हैं। रेनशॉ पहले भी 2022 में पाकिस्तान दौरे के लिए टीम में चुने गए थे,लेकिन तब उन्हें डेब्यू का मौका नहीं मिला था। अब उनके पास भारत के खिलाफ पहली बार वनडे में खेलने का मौका है।

## आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड

### भारत से अभिषेक शर्मा और कुलदीप यादव नॉमिनेट,जिम्बाबे के ब्रायन बेनेट भी रेस में





**नई दिल्ली,07 अक्टूबर 2025।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने प्लेयर ऑफ द मंथ (सितंबर) अवॉर्ड के लिए तीन दावेदारों के नाम की घोषणा कर दी है। इसमें भारत से ओपनर अभिषेक शर्मा और स्पिनर कुलदीप यादव शामिल हैं। इनके अलावा जिम्बाब्वे के ओपनर ब्रायन बेनेट भी रेस में हैं। अभिषेक एशिया कप में टॉप बैटर रहे थे। वहीं,कुलदीप ने सबसे ज्यादा विकेट लिए थे।

**अभिषेक शर्मा ने एशिया कप में बनाए 314 रन बनाए :** भारतीय टीम के युवा बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने सितंबर में सबसे ज्यादा रन बनाए। एशिया कप में उन्होंने 7 टी-20 मैचों में कुल 314 रन बनाए। इसमें तीन अर्धशतक शामिल रहे। स्ट्राइक रेट भी 200 से ज्यादा का रहा। इस प्रदर्शन के दम पर भारत ने एशिया कप का खिताब जीता और अभिषेक को टूर्नामेंट का बेस्ट खिलाड़ी चुना गया। खास बात यह रही कि उन्होंने टी-20 इंटरनेशनल रैंकिंग में सबसे ज्यादा रेटिंग पॉइंट्स हासिल किए। उनके अभी 926 पॉइंट्स है।

**कुलदीप यादव ने 17 विकेट लिए :** एशिया कप में सबसे ज्यादा विकेट चटकाने वाले कुलदीप यादव भी प्लेयर ऑफ द मंथ के रेस में शामिल है। उन्होंने टूर्नामेंट में 17 विकेट हासिल किए। इकोनॉमी रेट 6.27 रही। टूर्नामेंट ले 2 मैचों में उन्होंने 4-4 विकेट भी लिए।

**ब्रायन बेनेट के नाम 497 रन :** जिम्बाब्वे के ब्रायन बेनेट पूरे सितंबर में शानदार फॉर्म में रहे। टी-20 वर्ल्ड कप के अफ्रीकन क्वालिफायर में उन्होंने 9 मैचों में 55.22 की औसत और 165.66 के स्ट्राइक रेट से 497 रन बनाए। उन्होंने इस टूर्नामेंट के पहली 3 इनिंग में 72, 65 और 111 के स्कोर बनाए।

## न्यूजीलैंड के खिलाफ ब्रिट्स-लुस की जोड़ी ने रचा इतिहास,ओडीआई क्रिकेट में बनाया ये बड़ा रिकॉर्ड



**नई दिल्ली,07 अक्टूबर 2025।** साउथ अफ्रीका की ओर से महिला विश्व कप 2025 के सातवें मुकाबले में ताजमिन ब्रिट्स और सुने लुस के बीच दूसरे विकेट के लिए 159 रन की साझेदारी हुई। यह साउथ अफ्रीका और न्यूजीलैंड की महिला टीमों के बीच वनडे इतिहास में किसी भी विकेट के लिए दूसरी सबसे बड़ी साझेदारी रही। दोनों बल्लेबाजों के बीच यह साझेदारी उस वक्त हुई, जब टीम 232 रनों का पीछा करते हुए महज 26 के स्कोर पर कप्तान लौरा वोल्वार्ड्ट (14) का अहम विकेट गंवा चुकी थी। इस साझेदारी के दम पर साउथ अफ्रीका ने मुकाबला 6 विकेट से अपने नाम किया।

बता दें कि इन दोनों देशों के बीच महिला वनडे मुकाबलों में सबसे बड़ी साझेदारी का रिकॉर्ड साउथ अफ्रीका की लिजेल ली और लौरा वोल्वार्ड्ट की जोड़ी के नाम है, जिन्होंने ऑकलैंड में साल 2020 में न्यूजीलैंड के विरुद्ध पहले विकेट के लिए 163 रन जुटाए थे। इस लिस्ट में नादिन डी क्लार्क और क्लो ट्रायॉन की जोड़ी तीसरे स्थान पर है। इन साउथ अफ्रीकी बल्लेबाजों ने साल 2023 में पोटचेफस्ट्रूम में 124 रन जुटाए थे। वहीं,मैरिजेन कप्प और लौरा वोल्वार्ड्ट की जोड़ी ने साल 2023 में पीटरमैरिट्जबर्ग में 116 रन की अटूट साझेदारी की थी।

**231 रन पर सिमटी न्यूजीलैंड :** होल्कर क्रिकेट स्टेडियम में सोमवार को खेले गए इस मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की टीम 47.5 ओवरों में महज 231 रन पर सिमट गई। इस टीम के लिए कप्तान सोफी डिवाइन ने सर्वाधिक 85 रन बनाए, जबकि ब्रुक हॉलिडे ने 45 रन की पारी खेली। विपक्षी खेमे से नॉनकुलुलेको म्लाबा ने सर्वाधिक 4 विकेट हासिल किए।

**ब्रिट्स ने जड़ा शतक :** इसके जवाब में साउथ अफ्रीकी टीम ने 40.5 ओवरों में जीत दर्ज कर ली। इस टीम के लिए ताजमिन ब्रिट्स ने 89 गेंदों में 1 छक्के और 15 चौकों के साथ 101 रन बनाए, जबकि सुने लुस ने 114 गेंदों में नाबाद 83 रन की पारी खेली। न्यूजीलैंड की ओर से अमेलिया केर ने सर्वाधिक 2 विकेट अपने नाम किए, जबकि जेस केर और ली ताहुहू ने 1-1 विकेट लिया।

# शराब घोटाला...कारोबारी अनवर ढेबर को सुप्रीम कोर्ट से मिली जमानत

## मां का स्वास्थ्य खराब,4 दिन परिवार के साथ रहेंगे,फिर वापस जेल जाना पड़ेगा

रायपुर,07 अक्टूबर 2025। छत्तीसगढ़ के शराब घोटाला मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कारोबारी अनवर ढेबर को 4 दिन की अंतरिम जमानत दी है। कोर्ट ने मां के खराब स्वास्थ्य के चलते जमानत दी है। ढेबर 4 दिन परिवार के साथ रह सकेंगे। दरअसल,अनवर ढेबर ने अदालत से अपील की थी कि,उनकी मां की तबीयत बहुत खराब है। वह उन्हें देखने जाना चाहते हैं।

सुनवाई के दौरान ढेबर के वकीलों ने कोर्ट को बताया कि,उनकी मां की हालत गंभीर है। वह अस्पताल में भर्ती हैं। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि,परिवार के ऐसे समय में इंसान को अपने करीबियों के साथ रहने का मौका मिलना चाहिए। कोर्ट ने 4 दिन की अंतरिम जमानत मंजूर की। सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया कि यह राहत सिर्फ उनकी मां की तबीयत को ध्यान में रखते हुए दी गई है। 4 दिन के बाद उन्हें फिर से वापस जेल जाना होगा।



### अनवर ने रिश्तेदारों और सीए के नाम से निवेश

सिंडिकेट बनाने वाले कारोबारी अनवर ढेबर को 90 करोड़ से ज्यादा मिले। अनवर ढेबर ने इन पैसों को रिश्तेदारों और सीए के नाम कई कंपनियों में इन्वेस्ट किया। ईओडब्ल्यू की जांच में इस बात का खुलासा हुआ है। ईओडब्ल्यू की चालान के अनुसार शराब डिस्टलर्स से कमीशन और बी पार्ट की शराब बिक्री से मिलने वाले पैसे का 15 प्रतिशत कारोबारी अनवर ढेबर को जाता था। अनवर ढेबर इन पैसों को अपने करीबी विकास अग्रवाल और सुब्बू की मदद से लेता था। विकास अग्रवाल और सुब्बू शराब दुकानों से पैसा वसूलने का काम करते थे।

### क्या है छत्तीसगढ़ का शराब घोटाला

छत्तीसगढ़ शराब घोटाला मामले में ईडी जांच कर रही है। ईडी ने एसीबी में एफआईआर दर्ज कराई है। जांच के अनुसार 3 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के घोटाले की बात कही गई है। ईडी ने अपनी जांच में पाया कि तत्कालीन भूपेश सरकार के कार्यकाल में आईएएस अफसर अनिल टुटेजा,आबकारी विभाग के एमडी एपी त्रिपाठी और कारोबारी अनवर ढेबर के सिंडिकेट के जरिए घोटाले को अंजाम दिया गया था।

### फरवरी 2019 में बना था सिंडिकेट

कारोबारी अनवर ढेबर ने सिंडिकेट बनाने के लिए फरवरी 2019 में जेल रोड स्थित होटल वेनिंगटन में प्रदेश के 3 डिस्टलरी मालिकों को बुलाया। इस मीटिंग में छत्तीसगढ़ डिस्टलरी से नवीन केडिया, भाटिया वाइंस प्राइवेट लिमिटेड से भूपेंदर पाल सिंह भाटिया और प्रिंस भाटिया शामिल हुए। साथ ही वेलकम डिस्टलरी से राजेंद्र जायसवाल उर्फ चुन्नू जायसवाल के साथ हीरालाल जायसवाल और नवीन केडिया के संपर्क अधिकारी संजय फतेहपुरिया पहुंचे। मीटिंग में इनके अलावा एपी त्रिपाठी और अरविंद सिंह भी मौजूद थे। मीटिंग में अनवर ढेबर ने तय किया कि डिस्टलरी से जो शराब सप्लाई की जाती है, उसमें प्रति पेटी कमीशन देना होगा। कमीशन के बदले रेट बढ़ाने का आश्वासन डिस्टलरी संचालकों को दिया गया। पैसे का हिसाब-किताब करने के लिए आरोपियों ने पूरे कारोबार को ए, बी और सी पार्ट में बांटा।

# डबल इंजन सरकार में विकास की पटरी पर दौड़ रहा छत्तीसगढ़:सीएम साय

रायपुर,07 अक्टूबर 2025। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति ने रेल मंत्रालय की 24,634 करोड़ की चार महत्वपूर्ण परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की है। स्वीकृत परियोजनाओं में 2,223 करोड़ लागत की गोंदिया-डोंगरगढ़ चौथी रेल लाइन परियोजना भी शामिल है, जो प्रदेश के पश्चिमी अंचल के औद्योगिक और व्यापारिक विकास को नई गति प्रदान करेगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस महत्वपूर्ण स्वीकृति के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दूरदर्शी नेतृत्व ही इस महत्वाकांक्षी परियोजना को साकार कर रहा है। डबल इंजन सरकार के समर्पित प्रयासों से छत्तीसगढ़ विकास की पटरी पर तेज़ी से अग्रसर है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय न केवल छत्तीसगढ़ के विकास की दिशा में ऐतिहासिक कदम है, बल्कि इस परियोजना से सम्पूर्ण मध्य भारत की अर्थव्यवस्था को भी नई ऊर्जा मिलेगी। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का रेल नेटवर्क आधुनिकता,गति और जनसुविधा के नए युग में प्रवेश कर चुका है। छत्तीसगढ़ को इस दिशा में जो निरंतर सहयोग मिल रहा है, वह राज्य के औद्योगिक और आर्थिक विस्तार का सशक्त आधार बनेगा। उल्लेखनीय है कि 84 किलोमीटर लंबी परियोजना राजनांदगांव (छत्तीसगढ़) और गोंदिया (महाराष्ट्र) जिलों से होकर गुजरेगी। इसे पांच वर्षों में पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। परियोजना के तहत 15 प्रमुख पुल, 123 लघु पुल,1 सुरंग,3 रोड ओवर ब्रिज और 22 रोड अंडर ब्रिज का निर्माण किया जाएगा। आकांक्षी जिला राजनांदगांव में यह परियोजना न केवल यात्रियों के आवागमन को सुलभ बनाएगी, बल्कि स्थानीय व्यापार और निवेश को भी नई दिशा देगी। यह रेल मार्ग क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था में नई जान फूंकेगा और छत्तीसगढ़ के औद्योगिक परिदृश्य को मजबूती प्रदान करेगा। परियोजना पूर्ण होने पर प्रतिवर्ष लगभग 30.6 मिलियन टन अतिरिक्त माल यातायात संभव होगा। इससे रेलवे की आमदनी में वृद्धि होगी और राज्य की औद्योगिक इकाइयों को कच्चे माल व तैयार उत्पादों के परिवहन में बड़ी राहत मिलेगी। साथ ही अनुमानतः 23 करोड़ किलोग्राम CO2 उत्सर्जन में कमी, 4.6 करोड़ लीटर डीज़ल की बचत और लगभग 514 करोड़ की लॉजिस्टिक लागत में कमी का लाभ मिलेगा, जो पर्यावरणीय दृष्टि से भी अत्यंत सकारात्मक प्रभाव डालेगा। यह पहल हर वर्ष लगभग 1 करोड़ पेड़ों के बराबर कार्बन उत्सर्जन को कम करेगी, जो सतत विकास की दिशा में एक बड़ा कदम है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि नई रेल लाइन के माध्यम से रायगढ़ मांड, कोरबा और इब घाटी की खदानों से कोयला परिवहन की गति बढ़ेगी।



# कलेक्टर विवाद:संघ के पूर्व प्रचारक राजेंद्र जी ने किया ननकीराम कंवर का खुलकर समर्थन बोले...कलेक्टर किसी का दामाद है...



रायपुर,07 अक्टूबर 2025। छत्तीसगढ़ में पूर्व गृह मंत्री ननकीराम कंवर और प्रशासन के बीच चल रहे विवाद ने नया मोड़ ले लिया है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व प्रांत प्रचारक राजेंद्र जी ने कंवर के समर्थन में खुलकर बयान दिया है, जिससे राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। तेजी से वायरल हो रहे वीडियो में राजेंद्र जी ने कहा कि कलेक्टर किसी का दामाद है, इसलिए उसे हटाया नहीं जा रहा। उनका यह बयान सीधे तौर पर कलेक्टर पर पक्षपात और सत्ता से संरक्षण मिलने के आरोपों को हवा देता है। दरअसल, ननकीराम कंवर पिछले कई दिनों से कलेक्टर को हटाने की मांग को लेकर अभियान चला रहे हैं। उन्होंने प्रशासन पर पक्षपात का आरोप लगाते हुए कहा था कि कलेक्टर शासन के बजाय व्यक्तिगत संबंधों के आधार पर फैसले ले रहा है। इसी संदर्भ में राजेंद्र जी का बयान सामने आया है। राजेंद्र जी छत्तीसगढ़ में लंबे समय तक आरएसएस के प्रांत प्रचारक रहे हैं। रायपुर के वीआईपी रोड पर बने भव्य राम मंदिर की रूपरेखा उन्होंने तैयार की थी, और मंदिर का निर्माण भी उनकी देखरेख में पूरा हुआ था। संघ और संगठन में उनकी गहरी पकड़ रही है, इसलिए उनका यह बयान राजनीतिक रूप से अहम माना जा रहा है।

# रायपुर में साइबर ठगी से बचने बैंक अधिकारियों की मीटिंग

## एसएसपी बोले- डिमांड ड्राफ्ट को वेरिफाई करें,बार-बार खाता खुलवाने वाले पर नजर रखें

रायपुर,07 अक्टूबर 2025। रायपुर पुलिस ने साइबर ठगी से बचने के लिए बैंक अधिकारियों की मीटिंग ली। जिसमें 12 बिंदुओं पर चर्चा की गई। एसएसपी ने डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से पैसे ट्रांसफर करवाकर हो रही ठगी के मामले में बैंक अधिकारियों को वेरिफाई प्रोसेस करने को कहा है। इसके अलावा जो व्यक्ति बार-बार बैंक में खाता खुलवाने आ रहा है। उस पर निगरानी बढ़ाने के लिए कहा गया है। पुलिस का आशंका है कि ऐसे मामले म्यूल अकाउंट से जुड़े हो सकते हैं। यह बैठक वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह ने सिविल लाइन रायपुर स्थित सी-4 भवन के सभाकक्ष में ली। जिसमें रायपुर के लीड बैंक मैनेजर और विभिन्न बैंकों के लीगल हेड अधिकारियों की बैठक ली गई। इस बैठक में सीएसपी आजाद चौक ईशु अग्रवाल, डीएसपी क्राइम संजय सिंह, सीएसपी कोतवाली केशरी नंदन नायक, नगर पुलिस अधीक्षक सिविल लाइन रमाकांत साहू, उप पुलिस अधीक्षक नरेश पटेल, उप पुलिस अधीक्षक निशिथ अग्रवाल,लीड बैंक मैनेजर मोफिज मोहम्मद सहित रायपुर के विभिन्न बैंकों के लीगल हेड अधिकारी मौजूद थे।



### बैठक में इन बिन्दुओं पर चर्चा

1. ऑनलाइन ठगी का शिकार होकर बैंक आने वाले पीड़ित को दूसरे जगह न भेजकर टोल फ्री नंबर 1930 में कॉल करने के प्रेरित करें या साइबर क्राइम रिपोर्ट पोर्टल पर जाकर रिपोर्ट करने कहे, दूसरे बैंक में न भेजे। साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल का टोल फ्री नंबर 1930 को बैंक में दिखवाएं।
2. बैंक में यदि कोई खाता खुलवाने आता है। उसके भौतिक सत्यापन जैसे मोबाइल में मैसेज के माध्यम से रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर कर सत्यापन करें।
3. कॉर्पोरेट खाता खोलते समय सत्यापन करें। 15 दिन के बाद फिर दिये गये पते पर जाकर वेरिफाई करें।
4. बैंक में सी.सी.टी.वी.कैमरा होने की बात स्पष्ट लिखकर चस्पा करें। बैंक के प्रवेश एवं पिछले हिस्से में सी.सी.टी.वी. कैमरा लगाने निर्देश दिये गये।
5. संदेही ट्रांजेक्शन के संबंध में बैंक क्या करती हैं, के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई।
6. डिमांड ड्राफ्ट का वेरिफाई करने के उपरांत ही रकम ट्रांसफर करने कहा गया।
7. बैंक खाता खोलते समय गारंटर का उपयोग करने निर्देश दिए गए।
8. चौथी स्तर के बाद डिस्ट्रीब्यूट अमाउंट को वेरिफाई कर रकम को होल्ड कर बैंक खाता को चालू रखने कहा गया।
9. लीगल डिपार्टमेंट हेतु एक बैंक अधिकारी नियुक्त करने के साथ ही लीगल डिपार्टमेंट में एक मोबाइल नंबर जारी करने ताकि अधिकारी का स्थानांतरित होने पर परेशानी न हो के संबंध में निर्देश दिया गया।
10. बैंक में बार-बार खाता खोलने वाले व्यक्ति विशेष को चिह्नांकित कर जानकारी पुलिस को भेजने कहा गया।

# रायपुर जंगल सफारी से बाघिन बिजली गुजरात शिफ्ट

## यूट्रस-ओरल में इन्फेक्शन,इलाज के लिए ट्रेन से भेजा वनतारा, बिना टिकट फॉरेस्ट अधिकारियों का कटा चालान



रायपुर,07 अक्टूबर 2025। रायपुर के जंगल सफारी की बाघिन 'बिजली' को इलाज के लिए गुजरात के वनतारा शिफ्ट किया गया है। बाघिन बिजली को यूट्रस और ओरल में इन्फेक्शन है। उसे खाने-पीने में परेशानी हो रही है। बाघिन को हावड़ा-अहमदाबाद एक्सप्रेस से शाम को रवाना किया गया। वहीं इसके पहले प्लेटफॉर्म पर फॉरेस्ट अधिकारी और रेलवे कर्मचारियों की जमकर बहस हो गई। फॉरेस्ट अधिकारी बिना टिकट लिए ही प्लेटफॉर्म पर आ गए थे। इसके साथ ही बाघिन को एक पिंजरे में छिपाकर लाए थे। रेलवेकर्मी पिंजरे को देखना चाह रहे थे, लेकिन नहीं दिखाया जा रहा था। इस बात से रेलवे के कर्मचारी नाराज थे। इसी के चलते यह कार्रवाई करने का आदेश रेलवे मजिस्ट्रेट ने दिया। आदेश के बाद रेल कर्मियों ने फॉरेस्ट अधिकारियों का चालान काट दिया। हालांकि बाद में रेलवे की मदद से बाघिन को हावड़ा-अहमदाबाद एक्सप्रेस से शाम को रवाना किया गया।

### यूट्रस और ओरल में इन्फेक्शन:वन मंत्री

इस मामले में वन मंत्री केदार कश्यप ने बताया कि, बाघिन बिजली 8 साल की है। जंगल सफारी में पिछले कुछ समय से बीमार चल रही थी। यूट्रस और ओरल में इन्फेक्शन है। इसलिए बेहतर इलाज के लिए ट्रेन से वनतारा भेजा जा रहा है। जहां एक महीने तक इलाज चलेगा।

# एक की मौत,नशे की हालत में कई लोगों को ठोकर मारने वाला चालक गिरफ्तार



धमतरी,07 अक्टूबर 2025। भटगांव रोड में हुई सड़क दुर्घटना के संबंध में पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी वाहन चालक को गंभीर धारा में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। पुलिस ने घटना के बारे में बताया कि 06.10.2025 को शाम लगभग 07:00 बजे, ग्राम भटगांव स्थित दीदी की रसोई के सामने एक ईको वेन (क्रमांक सीजी-04-एचसी-0364) के चालक द्वारा तेज एवं लापरवाहीपूर्वक, नशे की हालत में वाहन चलाते हुए सड़क किनारे खड़े व्यक्ति कांशीराम साहू पिता धमकराम साहू, उम्र 50 वर्ष, निवासी ग्राम पेरवानी, जिला बालोद को ठोकर मार दी। ठोकर लगने से उक्त व्यक्ति वाहन में फँस गया फिर भी चालक रुका नहीं, घसीटता हुआ काफी दूर तक चला गया। इसके बाद आरोपी वाहन चालक ने घटनास्थल से भागने के प्रयास में भटगांव चौक से गोकुलपुर मार्ग की ओर जाते हुए क्रमशः देवांगन वस्त्रालय के सामने जीवनलाल चंद्राकर (53 वर्ष) तथा केराबाड़ी के पास सायकल सवार घनश्याम नेताम को भी ठोकर मारकर घायल कर दिया। घटना के बाद घायलों को तत्काल जिला अस्पताल पहुँचाया गया, जहाँ चिकित्सक द्वारा कांशीराम साहू को मृत घोषित किया गया। जाँच उपरांत प्राप्त शॉर्ट पीएम रिपोर्ट, गवाहों के कथन एवं अन्य साक्ष्यों के आधार पर आरोपी के विरुद्ध गंभीर धारा 201, 125(7),105 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया।

# बिजली दरों में वृद्धि:बिलासपुर में कांग्रेस का प्रदर्शन

## बिजली ऑफिस के बाहर पुलिस से झड़प,चीफ इंजीनियर को सौंपा बड़ा ताला



बिलासपुर,07 अक्टूबर 2025। बिलासपुर में बिजली दरों में वृद्धि के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने तिफरा स्थित बिजली विभाग के कार्यालय का घेराव किया। इस दौरान पुलिस और कांग्रेसजनों के बीच झड़प हुई। प्रदर्शनकारियों ने मुख्य अभियंता को एक बड़ा ताला सौंपकर अपना विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शनकारी तीन गेट पार कर मुख्य अभियंता कार्यालय के प्रशासनिक भवन तक पहुंचे और वहां धरना दिया। कांग्रेस कमेटी ने विद्युत वितरण कंपनी के मुख्य अभियंता अम्बष्ट को प्रतीकात्मक रूप से एक बड़ा ताला सौंपा और सरकार विरोधी नारे लगाए।

### तीन घंटे तक जारी रहा हंगामा

तिफरा स्थित बिजली विभाग के कार्यालय परिसर में लगभग तीन घंटे तक हंगामा जारी रहा। प्रदर्शनकारी दो घंटे तक प्रशासनिक भवन के सामने धरने पर बैठे रहे। यह प्रदर्शन जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय केशरवानी और शहर अध्यक्ष विजय पांडे के नेतृत्व में किया गया। कार्यकर्ताओं ने अभियंता कार्यालय पहुंचकर हंगामा किया। पहले धरना देने के बाद, उन्होंने पुलिस को चकमा दिया और बिजली दफ्तर की दीवारें व गेट फांदकर मुख्य अभियंता के कार्यालय तक पहुंचे। वहां उन्होंने नारेबाजी की और विरोध प्रदर्शन जारी रखा।

### बिजली बिल हाफ योजना को फिर से लागू करने की मांग

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बिजली दरों में कमी करने और कांग्रेस शासनकाल की 400 यूनिट बिजली बिल हाफ योजना को फिर से लागू करने की मांग करते हुए एक ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस नेताओं विजय पांडे और विजय केशरवानी ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने कांग्रेस शासनकाल में लागू 400 यूनिट तक के आधे बिजली बिल की योजना को बंद कर दिया है। आरोप लगाया कि भाजपा सरकार बनने के बाद से उपभोक्ताओं को कई गुना बढ़े हुए बिजली बिल भेजे जा रहे हैं। इस धरना प्रदर्शन में पूर्व विधायक सियाराम कौशिक, प्रमोद नायक, शेख नजीरुद्दीन, लक्ष्मीकांत साहू, विनोद साहू, राजेंद्र साहू और गीतांजलि कौशिक सहित कई अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल थे।

# इस बार 5 दिन चलेगा राज्योत्सव प्रधानमंत्री मोदी होंगे शामिल

## नई-विधानसभा भवन का करेंगे शिलान्यास




रायपुर,07 अक्टूबर 2025। छत्तीसगढ़ इस बार अपना 25वां स्थापना दिवस मनाएगा। भाजपा जश्न के साथ ही इसे गर्व और पहचान का उत्सव बनाने की तैयारी कर रही है। राज्य सरकार ने इस बार राज्योत्सव को 3 दिन से बढ़ाकर 5 दिन करने का फैसला लिया है। 1 नवंबर से 5 नवंबर तक नवा रायपुर में भव्य आयोजन होंगे। पीएम मोदी इस बार राज्योत्सव में शामिल होंगे। जबकि समापन कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति मौजूद रहेंगे। गृहमंत्री विजय शर्मा ने इसकी जानकारी देते हुए कहा कि, यह सिर्फ सांस्कृतिक आयोजन नहीं होगा, बल्कि इस दिन लाखों परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गृह प्रवेश भी कराया जाएगा। दरअसल, छत्तीसगढ़ को बने 24 साल पूरे हो चुके हैं। अब राज्य अपने 25वें साल में प्रवेश कर चुका है। सरकार ने 2025 को ÷रजत जयंती वर्ष÷ के तौर पर मनाने का निर्णय लिया है। यह पूरा साल छत्तीसगढ़ की संस्कृति, परंपरा, खानपान, लोकनृत्य और खेलों को समर्पित रहेगा। हर महीने एक अलग थीम के साथ कार्यक्रम होंगे, गांव से लेकर शहर तक, और पंचायत से लेकर राजधानी तक, हर स्तर पर छत्तीसगढ़ को उसकी जड़ों से फिर जोड़ने की कोशिश होगी।

# जांजगीर-चांपा डकैती मामले में 5 लोग गिरफ्तार उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा का आया बयान



जांजगीर-चांपा,07 अक्टूबर 2025। छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले में पुलिस ने 5 लोगों को डकैती के प्रयास मामले में गिरफ्तार किया। आरोपियों में एनएसयूआई का शहर अध्यक्ष जितेंद्र दिनकर भी शामिल है। इनके पास से एक पिस्टल और पांच कारतूस बरामद किया गया है। इस मामले पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि जांजगीर ही नहीं, जहां भी अपराध हुए हैं, कांग्रेस की संलिप्तता मिली है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि एक विधायक का रेत माफिया से वसूली का ऑडियो वायरल हुआ. एक विधायक बलौदाबाजार आगजनी कांड में सहभागी रहे. एक विधायक शराब घोटाला मामले में जेल में बंद हैं। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस अपराध की पटकथा लिख रही है।

**पूरा मामला :** दरअसल, घटना 5 अक्टूबर की रात करीब 2 बजे की है. पेंड्री रोड के श्याम सुपर मार्किट निवासी राहुल अग्रवाल ने रविवार रात दूकान का शटर तोड़ने की आवाज सुनी. वह अपने पिता के साथ बाहर आने पर देखा की तीन नकाबपोश युवक शटर तोड़ने की कोशिश कर रहे थे। शोर मचाने पर वह तीनों भागने की कोशिश करने लगे। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलने पर पुलिस पेट्रोलिंग पार्टी गश्त पर निकली. कुछ दूर पर ही पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपियों को दबोच लिया. तलाशी लेने पर उनके पास से पिस्टल और पांच जिन्दा कारतूस, दो लोहे के सब्बल और बाइक बरामद किया गया. जांजगीर नगर पुलिस अक्षीक्षक योगिता खापर्डे ने बताया कि पुलिस ने मनीष कुमार बनवा, चैतन्य दिनकर, हितेश दिनकर, जितेंद्र दिनकर और तरुण सूर्यबंशी को गिरफ्तार किया है. पुलिस के हत्थे चढ़े जितेंद्र दिनकर जांजगीर एनएसयूआई नगर अध्यक्ष है. पकड़े गए आरोपियों ने पुलिस को बताया कि जितेंद्र दिनकर से पिस्टल की खरीदी की है और कारतूस भी उपलब्ध कराया है. इस मामले मे धारा 331(4), 305(ए), 310(4), 3(5), 312, 296, 351 बीएनएस आर्म्स एक्ट 25 के तहत कार्रवाई की है और न्यायिक हिरासत मे भेज दिया है.

# इंदिरा गांधी कृषि विवि के नए कुलसचिव होंगे कपिलदेव दीपक




रायपुर,07 अक्टूबर 2025। इंदिरा गांधी कृषि विवि के नए कुलसचिव कपिलदेव दीपक होंगे। कृषि विकास एवं किसान कल्याण विभाग ने इसे लेकर आदेश जारी किया है। इसके अलावा दो और नियुक्तियां भी विभाग ने की है। यशवंत केराम को प्रतिनियुक्ति पर महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विवि का कुलसचिव बनाया गया है। वर्तमान में वे सरगुजा कृषि संभाग के संयुक्त संचालक के पद पर हैं। वहीं कपिलदेव कृषि संचालनालय में संयुक्त संचालक पद पर कार्यरत थे। इस पद से मुक्त करते हुए उन्हें कृषि विवि का प्रभार सौंपा गया है। इसके अलावा आरएल खरे की प्रतिनियुक्ति समाप्त कर दी गई है। वे प्रतिनियुक्ति पर उद्यानिकी एवं वानिकी विवि में कुलसचिव पद पर थे।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)